CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 14°C

हल्द्वानी, रविवार 9 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 74 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं का नाम एक से अधिक मतदान केंद्रों पर होने की आशंका पेज 2



भारत ने 2-1 से जीती सीरीज, अभिषेक बने प्लेयर ऑफ द सीरीज खेल टाइम्स



तुर्की की अदालत ने जारी किया नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट पेज 11



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक बॉलीवुड

## अविवाहित बेटी पिता से गुजारा-भत्ता नहीं ले सकती: केरल हाईकोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने कहा ईसाई धर्म मानने वाली अविवाहित बेटी अपने पिता से गुजारा-भत्ता लेने का दावा नहीं कर सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रिश्चियन पर्सनल लॉ में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ और हिंदू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम (एचएएमए) में ऐसा हक मौजूद है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस डा. कौसर एडप्पागथ की बेंच ने 29 अक्टूबर की एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें 65 वर्षीय ईसाई व्यक्ति ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उसे अलग रह रही पत्नी को हर महीने 20,000 रुपये और 27 साल की अविवाहित बेटी को 10,000 रुपये भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसकी बेटी याचिका दायर होने के समय बालिग थी, इसलिए वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। साथ ही उसने कहा कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर अलग रहती है और आर्थिक रूप से सक्षम है।

# प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम 300 साल पुराना

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: इससे प्रॉपर्टी खरीदना सदमे जैसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमीन की रजिस्ट्री और जमीन के मालिकाना के ढांचे में बुनियादी सुधार की जरूरत बताई है। कोर्ट ने कहा कि ब्रिटिश राज के समय के कानूनों पर टिके मौजूदा ढांचे ने भ्रम, अकुशलता और बड़े स्तर पर मुकदमे पैदा किए हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच ने सुझाव दिया कि ये समस्याएं खत्म करने के लिए सरकार ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने पर विचार करे। साथ ही, विधि आयोग को इस पर विस्तृत अध्ययन करने को कहा। आयोग से केंद्र, राज्य सरकारों, विशेषज्ञों और अन्य संबंधित पक्षों से रायशुमारी करके रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम तीन सौ साल पुराने कानूनों से संचालित है। ये अलग दौर में बने थे। लेकिन, आज भी रीढ़ बने हुए हैं। इन कानूनों ने स्वामित्व और रजिस्ट्रेशन के बीच असमानता बना रखी है। कोर्ट ने बिहार रजिस्ट्रेशन रूल्स, 2008 का नियम 19 रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा जमीन रजिस्ट्रेशन का पुराना तरीका संपत्ति खरीदने-बेचने को मुश्किल और उलझा हुआ बनाता है। संपत्ति खरीदना कभी आसान नहीं, बल्कि सदमे जैसा है। दीवानी मामलों में करीब 66 फीसदी विवाद संपत्ति से जुड़े हैं।

**हमें नए ढंग से सोचना होगा, विकल्प तलाशने होंगे**



### अकोला दंगा: सीजेआई के पास जाएगा मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अकोला दंगा मामले में महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर स्प्लिट वर्डिक्ट (मतभेद वाला फैसला) सुनाया। सरकार ने याचिका में विशेष जांच दल (एसआईटी) में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के पुलिस अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश की समीक्षा मांगी थी। सरकार ने याचिका में कहा था कि पुलिस को धार्मिक आधार पर बांटना राज्य की धर्मनिरपेक्ष नीतियों के खिलाफ है। पुलिसवाले का कोई धर्म नहीं होता।

# रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव हैं वंदे भारत ट्रेनें: मोदी



**पीएम ने वाराणसी से देशभर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं।

श्री मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश भर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में, आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर रहा है। जिन भी देशों में बड़ी प्रगति, बड़ा विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। उन्होंने कहा कि आज भारत भी बहुत तेज गति से विकास के रास्ते पर चल रहा है। इसी कड़ी में, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदेभारत के अलावा, फिरोजपुर-दिल्ली वंदेभारत, लखनऊ- सहारनपुर वंदेभारत और एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदेभारत, इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही, अब देश में एक सौ साठ से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है।

## कुपवाड़ा में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने शुक्रवार देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सत्र में केवल 15 बैठकें होंगी**

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू होकर 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस अपेक्षाकृत संक्षिप्त सत्र के दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में शीतकालीन सत्र की घोषणा करते हुए इसके रचनात्मक और सार्थक रहने की उम्मीद जताई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हम एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा करते हैं, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करेगा और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद हो रहे इस सत्र पर चुनाव परिणामों का स्पष्ट असर दिखाई देगा और जहां सरकार निर्धारित विधायी एजेन्डे को पूरा करने की भरपूर कोशिश करेगी वहीं विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। इस संक्षिप्त सत्र में सरकार विभिन्न समितियों के पास लंबित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025, संघ राज्य क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पारित कराना चाहेगी। इसके अलावा अन्य विधेयकों को पारित कराने के लिए भी सरकार विपक्ष को विश्वास में लेने की कोशिश करेगी।






## संक्षिप्त समाचार

### विकास-विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है बिहार: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिहार में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करने से पहले कहा है कि बिहार की तपोभूमि विकास और विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शनिवार को लिखा है कि बिहार भारत की आत्मा का स्वर है। यहां आकर भारत की आत्मा से साक्षात्कार की अनुभूति होती है। योगी ने कहा कि आज सत्याग्रही भूमि पूर्वी चंपारण और तपोभूमि गया जी की विकासप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा। उन्होंने कहा है कि बिहार की जनता एक बार फिर भाजपा-एनडीए सरकार के साथ विकास और विश्वास की नई कहानी लिखने को तैयार है। गौरतलब है कि बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान तेज हो गया है।

### एक मंच पर दो नेता जंगलराज रिटर्न्स 2.0: केशव मौर्य

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान वार-पलटवार के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब ये दोनों नेता एक साथ एक मंच पर दिखते हैं, तो जंगलराज रिटर्न्स 2.0 दिखाई देता है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और महागठबंधन पर तीखा हमला किया। डिप्टी सीएम ने लिखा कि जब श्री तेजस्वी यादव और श्री राहुल गांधी एक साथ मंच साझा करते हैं, तो यह दृश्य किसी चुनावी गठबंधन से अधिक जंगलराज रिटर्न्स 2.0 की पटकथा जैसा लगता है।

# मैं निहत्था और बिहार में जंगलराज

## चुनाव में न जाने पर आजम खांन ने व्यक्त की दिल की पीड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक घोषित होने के बाद भी सपा के दिग्गज नेता आजम खान बिहार चुनाव में नहीं गए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपने चिर परिचित अंदाज में इसकी वजह भी बताई और कहा कि वहां जंगल राज है और मैं निहत्था। ऐसे में वह जंगल में कैसे जा सकते हैं।

उन्होंने जस्टिस लोया का उदाहरण दिया और कहा कि इस जंगल में तो जज भी सुरक्षित नहीं है। आजम खान ने पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर भी हमला बोला और कहा कि जो लोग 20 साल सत्ता में हैं, फिर भी जंगलराज की बात कर रहे हैं, उन्हें डूब मरना



चाहिए। एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए आजम खान ने रामपुर से एक विधायक पर करारा प्रहार किय और कहा कि उनके पूर्वज हथियार बेचते थे। 50 साल पहले उनके पूर्वजों को रामपुर मेड पिस्टल से भरे बक्से के साथ ट्रेन में पकड़ा गया था। बावजूद इसके वह कई बार विधायक बने और केंद्र से जेड श्रेणी सिक्योरिटी भी पा लिए। उन्होंने कहा कि वह तो इन लोगों से भी गए गुजरे हैं। इसी के साथ उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि हम तो मुर्गी चोर, बकरी चोर, शराब की दुकान लूटने वाले और किताब चोर हैं। आजम खान ने वाई श्रेणी सिक्योरिटी वापस करने पर बयान दिया और कहा कि उन्हें आज तक सुरक्षा देने संबंधी कोई भी लिखित आदेश नहीं मिला है। चूंकि सिक्योरिटी उन्हें हवा में मिली थी, इसलिए उन्होंने हवा में ही उसे वापस भी कर दी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज तक न तो कोई कान्स्टेबल मिला, न ही किसी दरोगा का नाम बताया गया, लेकिन अखबारों में इस संबंध में खबर जरूर पढ़ने को मिली। उन्होंने कहा कि लोग एक बार गांव का प्रधान भी बन जाते हैं तो उनकी कोठियां खड़ी हो जा रही हैं, लेकिन वह नेता प्रतिपक्ष रहने के बाद भी अपने लिए एक कोठरी नहीं बना सके।

# यूपी में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदान केंद्र पर होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में 2026 के पंचायत चुनावों के लिए 12 करोड़ मतदाताओं वाली मतदाता सूची का पुनरीक्षण राज्य चुनाव आयोग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

आयोग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को संदेह है कि राज्य में 50 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम एक से ज्यादा मतदान केंद्रों पर हैं। आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अब तक राज्य निर्वाचन आयोग ने 12 लाख से ज्यादा नकली मतदाताओं की पहचान कर ली है और 1.63 लाख नाम पंचायत



■ उप्र चुनाव आयोग से जुड़े एक अफसर ने दी जानकारी

मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पंचायत चुनावों के लिए, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) वर्तमान में अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूचियों की जांच कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य 15 जनवरी 2026 तक मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी करके अंतिम सूची प्रकाशित करना है।

राज्य में पंचायत चुनाव अप्रैल और जुलाई 2026 के बीच होने की संभावना है। कई मामलों में एक ही नाम दो से ज्यादा मतदान केंद्रों पर दर्ज पाए गए, जिसके कारण आयोग ने मतदाता सूची को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सीमा पर रहने वाले और शहरी क्षेत्रों में नए घर बनवाने वाले मतदाताओं पर ध्यान दिया जा रहा है। उप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की और उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण की सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। एसईसी ने विभिन्न पदों के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा भी तय कर दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 7 लाख खर्च कर सकते हैं। ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए अधिकतम सीमा 10,000 है। ग्राम पंचायत प्रधान पद का प्रत्याशी चुनाव के दौरान 1,25,000 तक खर्च कर सकता है, जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य पद का प्रत्याशी1 लाख तक खर्च कर सकता है। जिला पंचायत सदस्य पद का उम्मीदवार 2.5 लाख तक और क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पद का उम्मीदवार 3.5 लाख तक खर्च कर सकता है।

## प्रियंका गांधी ने मोदी और चुनाव आयोग पर किया तीखा हमला

# पीएम बोल रहे झूठ, करवा रहे वोटों की चोरी

कटिहार, वार्ता

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक जुबानी जंग जारी है। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में लगातार विपक्ष पर जंगलराज का आरोप लगाते हुए निशाना साध रहे हैं।

अब कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर पलटवार किया है। इस दौरान प्रियंका ने चुनाव आयोग को भी लपेटा है। उन्होंने पीएम मोदी और चुनाव आयोग पर बेहद तीखा हमला किया है। प्रियंका गांधी ने कटिहार जिले में एक जनसभा में कहा कि अब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को भी बरकरार नहीं रख पा रहे हैं। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी जैसी बातें करते हैं। असल में इनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए अपनी भाषा का



■ पीएम मोदी को कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी, देना होगा जवाब

स्तर इतना नीचे गिरा चुके हैं। प्रियंका गांधी ने लोगों से पूछते हुए कहा कि अब आप ही बताइए कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को देश की जनता पहचान गई है। अब जनता मोदी के झूठ से गुमराह नहीं हो रही है, इसीलिए पीएम मोदी चुनाव जीतने के लिए अब वोट चोरी पर उतर आए हैं। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए चुनाव आयोग को भी घेरा है। उन्होंने पीएम मोदी चुनाव आयोग के तीन लोगों के साथ मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। इनके नाम ज्ञानेश कुमार, विवेक जोशी और एस. एस. संधू हैं। यही तीन लोग पीएम मोदी के साथ वोट चोरी कर रहे हैं। ये सभी चुनाव आयोग के सबसे ऊंचे अधिकारी हैं।

ये लोग देश के संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और वोट चोरी में सरकार का साथ दे रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग के तीनों अधिकारी जनता का अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने जनसभा मौजूद लोगों से कहा कि इनके नाम याद कर लीजिए, इन्हें पद के पीछे छिपने मत दीजिए। यहीं तीनों अधिकारी हैं जो लोग लोकतंत्र और संविधान के साथ विश्वासघात कर रहे हैं, उन्हें देश भूलेगा नहीं। इन सभी को आने वाले समय में जवाब देना पड़ेगा। प्रियंका गांधी ने संविधान ने जनता को वोट डालने की शक्ति दी है, जिससे सरकार बनाने का निर्णय आप लेते हैं, लेकिन जब बीजेपी को पता चला कि जनता खिलाफ हो रही है, तो उसने आपके अधिकारों को कमजोर करने के लिए 'वोट चोरी' करनी शुरू कर दी।

### सरकार के पास संसद में करने को काम नहीं, बुला रही है छोटे सत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 20 दिसम्बर तक बुलाया गया है, लेकिन सत्र देर से बुलाने और इसमें महज 15 बैठकों के आयोजन से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार के पास संसद में कराने के लिए कोई काम नहीं बचा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि ससंसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगा। इसमें असामान्य रूप से देरी के साथ ही काम के दिनों में कटौती की गई है। यह सिर्फ 15 कार्य दिवस का होगा। क्या संदेश दिया जा रहा है? उन्होंने कहा कि सरकार की इस घोषणा में स्पष्ट संदेश है कि उसके पास काम नहीं है। शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार की घोषणा पर उन्होंने आगे लिखा कि स्पष्ट रूप से सरकार के पास संसद कार्यवाही के दौरान करने के लिए कोई काम नहीं बचा है।

# उत्तराखंड का बना दिया है भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझते उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है।



■ राज्य के गठन की नींव नेता जी ने रखी थी

नौ नवम्बर को उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस पर अपने संदेश में उन्होंने पर्वतीय राज्य के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी उत्तराखंडवासियों के हितों तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वह उनके सुख दुख में हमेशा साथ है। उन्होंने कहा कि इसके गठन की नींव नेताजी मुलायम सिंह यादव ने डाली थी। जनमत संग्रह कराकर अलग राज्य के रूप में उप्र के दोनों सदनों में उत्तराखंड राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पास कराकर केन्द्र सरकार को भेजा था मगर 25 सालों में उत्तराखंड की जनता को आकांक्षाओं के अनुरूप अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण का ख्याल किए बगैर विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटान और अवैध खनन से उत्तराखंड भारी वर्षा, बादलों के फटने के अलावा भूस्खलन की समस्याओं से लगातार जूझ रहा है। जनधन की भारी क्षति हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है। सीमावर्ती 1796 गांव मानव विहीन हो गए। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। शिक्षा की दशा बदहाल है। उद्योग धंधों का अभाव है।



सेंसेक्स 84556.40

निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000

प्रति किलो



# डिजिटल सेवाओं को बेहतर बना रहा डिजीलॉकर

**नई दिल्ली।** पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की डिजलॉकर सुविधा पर राजधानी में हुए एक सम्मेलन में कागजरहित कामकाज, समावेशी शिक्षा और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में इस की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया गया।

सम्मेलन में कहा गया है कि डिजीलॉकर ने डिजिटल व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और यह देश में डिजिटल ट्रस्ट क्रांति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना' विषय पर भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में डिजीलॉकर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन (नेजीडी) द्वारा

■ नागरिकों और मंत्रालयों व विभागों को जोड़ने में बन रहा है ट्रस्ट लेयर: एस कृष्णन

आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस बात पर चर्चा करना और यह दर्शाना था कि डिजीलॉकर कैसे एक साधारण सुरक्षित दस्तावेज भंडारण सुविधा और दक्षता की आधारशिला के रूप में विकसित हो रहा है।

मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डिजीलॉकर नागरिकों, मंत्रालयों और विभागों को जोड़ने वाली ट्रस्ट लेयर (विश्वास की परत) के रूप में काम करता है , जो सुरक्षित, इंटरऑपरेबल और जवाबदेह डिजिटल गवर्नेंस को सक्षम बनाता है। डिजिटल कनेक्टिविटी (सम्पर्क सुविधा) से क्षमता बढ़ी है, सर्विस डिलीवरी से आत्मनिर्भरता आ रही और अब डिजिटलीकरण से भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा विजन ऐसा भविष्य है जहां हर डिजिटल संपर्क भरोसेमंद हो, हर नागरिक सशक्त हो, और हर संस्थान जवाबदेह हो। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस में भारत की यात्रा को 'डिजिटल ट्रस्ट क्रांति' बताया। उन्होंने लाखों लोगों के लिए गवर्नेंस सिस्टम में विश्वास बनाने में डिजीलॉकर की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। नेजीडी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद कुमारम ने डिजीलॉकर के सुरक्षित डॉक्यूमेंट स्टोरेज प्लेटफॉर्म से डिजिटल इंडिया के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित होने की जानकारी दी। वित्त विभाग में प्रधान सचिव (एएंडटी) डा. ऋचा बागला ने महाराष्ट्र में पेंशन और ट्रेजरी सिस्टम के साथ डिजिलॉकर के इंटीग्रेशन पर प्रस्तुति दी। असम के प्रधान सचिव (आईटी) केएस गोपीनाथ ने राज्य में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 500 से ज्यादा सेवाओं में डिजिलॉकर के समन्वय पर प्रस्तुति दी।

### जी-20 शिखर बैठक: कांग्रेस ने पीएम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जी-20 शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शामिल नहीं होने की खबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब इस बैठक में प्रधानमंत्री के जाने की संभावना है। जी-20 देशों की शिखर बैठक 22 तथा 23 नवम्बर को दक्षिण अफ्रीका में हो रही है। माना जा रहा है कि अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही अनबन के मद्देनजर ट्रम्प इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मोदी के बैठक में शामिल होने को लेकर लिखा कि अब जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि वह दक्षिण अफ्रीका में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, तो हम निश्चित हो सकते हैं कि स्वयंभू विश्वगुरु स्वयं व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे।

# लखनऊ से चली सहारनपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लखनऊ जंक्शन पर आयोजित शुभारम्भ समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ की महापौर श्रीमती रत्ना खारवाल, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में यात्रीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान यात्रियों में विशेष उत्साह देखा गया और सबने नई सेवा के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। यह लखनऊ से चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जबकि राजधानी होकर गुजरने वाली कुल पांच वंदे भारत ट्रेनें लखनऊ से जुड़ गई हैं। इस नई ट्रेन के शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से राजधानी लखनऊ तक आवागमन और भी तेज और सुविधाजनक हो गया है। ट्रेन संख्या 26504 लखनऊ से सहारनपुर की ओर सुबह पांच बजे रवानगी होगी और दोपहर बारह पैंतालीस पर सहारनपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या



पीएम मोदी ने किया वर्चुअल शुभारम्भ,यात्रियों में उत्साह, लखनऊ से चलने वाली पांचवीं वंदे भारत बनी

26503 सहारनपुर से दोपहर तीन बजे चलकर रात ग्यारह बजे लखनऊ पहुंचेगी। इस बीच यह ट्रेन सीता. पुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। सप्ताह में यह सेवा सोमवार का दिन छोड़कर छह दिन संचालित होगी। वंदे भारत की यह यात्रा सामान्य ट्रेनों की तुलना में लगभग एक घंटे कम समय में पूरी होगी। अत्याधुनिक इंजन, बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम और वायुगतिकीय ढांचा इस ट्रेन को अधिक गति और स्थिरता प्रदान करता है।

# केवल आधार से नहीं चलेगा काम, देने होंगे ये दस्तावेज

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम तेज कर दिया है। इसी के साथ नए वोटर बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में आयोग ने सभी जिलों के डीएम को दिशा निर्देश देते हुए साफ तौर पर कहा है कि नए वोटर बनाने के लिए सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट के रूप में केवल आधार पर्याप्त नहीं है। आधार के साथ चुनाव आयोग द्वारा पहचान और नागरिकता के साथ ही जन्म प्रमाण तय करने के लिए निर्धारित कुछ जरूरी दस्तावेज भी दाखिल करने होंगे।

यह निर्देश 9 सितंबर 2025 के आयोग के पत्र और संलग्नक पर आधारित है। ऐसे में नया वोट बनवाने के लिए आधार के अलावा केंद्र/राज्य सरकार या पीएसयू के कर्मचारी/पेंशनभोगी का आईडी या पेंशन ऑर्डर के प्रति लगाई जा सकती है। इसी प्रकार 1 जुलाई 1987 से पहले जारी सरकारी/बैंक/डाकघर/एलआईसी का आईडी को भी वैध माना गया है। आयोग के मुताबिक जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक सर्टिफिकेट, स्थाई निवास प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र तथा ओबीसी, एससी व एसटी जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिकता प्रमाण पत्र भी लगाया जा सकता है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए किया है। आयोग ने साफ कहा है कि देश में ऐसा कोई नहीं चाहता कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को मतदाता सूची में जगह मिले। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का उद्देश्य भी यही है। ऐसे में नया वोट बनाते समय ही जरूरी एहतियात बरतने की जरूरत है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम)को मोबाइल पर स्पेशल मैसेज भेजा है। इसमें साफ कर दिया है कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आधार अकेला मतदाता बनने की योग्यता नहीं देता। यह मैसेज दो हिस्सों में है। पहला हिस्सा मुख्य चुनाव आयुक्त की वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में है, वहीं दूसरे हिस्से में उनकी ओर से लिखित संदेश है। वीडियो में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि आधार एक्ट की धारा-9 स्पष्ट करती है कि आधार न तो नागरिकता (सिटीजनशिप) का प्रमाण है और न ही निवास (डोमिसाइल) का। इसी प्रकार जन्मतिथि को लेकर भी कोर्ट ने कई बार स्थिति स्पष्ट की है।

# ईडी ने कांग्रेस विधायक की 21 करोड़ की संपत्ति अटैच की

गोवा, वार्ता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल और उनके साथियों की 21 करोड़ रुपए संपत्ति अटैच की है। यह कार्रवाई अवैध रूप से लौह अयस्क के निर्यात से जुड़ी है। ईडी की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं।

ईडी की जांच में पता चला कि सतीश सैल, जो श्री मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएसपीएल)के एमडी हैं, उन्होंने 2010 में बेले. केरी पोर्ट से बिना अनुमति के बड़ी मात्रा में लौह अयस्क की खरीद की थी और बाद में उसे चीन भेज दिया। इसके लिए उन्होंने हॉन्गकान्ग में फर्जी कंपनी बनाकर पैसे की हेराफेरी (मनी लॉन्ड्रिंग) की। जांच एजेंसियों ने पहले भी सतीश सैल के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 8 करोड़ रुपए की नकदी और सोना बरामद हुआ था।

### सात नवम्बर को कोर्ट ने बेल रद्द कर दी थी

बाद में उन्हें मिली मेडिकल बेल को अदालत ने 7 नवंबर 2025 को रद्द कर दिया था। अटैच की गई संपत्तियों में गोवा के मुरगांव इलाके में खुली जमीन, कृषि भूमि और वास्को द गामा में स्थित वाणिज्यिक इमारत शामिल है, जिनकी कुल बाजार कीमत करीब 64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एक अन्य कार्रवाई में प्रवर्तन निद. ेशालय ने पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ी 8 अचल संपत्तियों को अटैच किया है, जिनकी कीमत लगभग 67.03 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि ये संपत्तियां अलग-अलग ट्रस्टों और पीएफआई के राजनीतिक संगठन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टीआफ इंडिया के नाम पर दर्ज थीं। ईडी की जांच के अनुसार पीएफआई और एसडीपीआई ने देश और विदेश खासकर गल्फ देशों से चंदा, हवाला और दान के जरिए पैसे जुटाए। यह पैसा देश में हिंसक और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच में अब तक 131 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का पता चला है। ईडी ने अब तक पीएफआई और एसडीपीआई के 28 नेताओं और सदस्यों को गिरफ्तार किया है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?

अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।

फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।

ऋषि इन्टरनेशनल

08899787114


09808917010

Cipzer

HEALTH WITH CARE

जॉन्डिस क्योर

लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

उत्तराखण्ड शासन

# उत्तराखण्ड 25
रजत जयंती वर्ष



# राज्य स्थापना दिवस
9 नवम्बर

## की हार्दिक शुभकामनाएँ



## उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव

## ₹8260+ करोड़

### की परियोजनाओं का

## लोकार्पण एवं शिलान्यास

"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### मुख्य लोकार्पित परियोजनाएं

- अमृत योजना के तहत देहरादून के 23 जोनों में पेयजल आपूर्ति परियोजना।
- पिथौरागढ़ विद्युत उपकेंद्र का शुभारंभ।
- सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र।
- हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड।

### मुख्य शिलान्यास परियोजनाएं

- सौंग बांध पेयजल परियोजना–देहरादून को 150 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति।
- जमरानी बहुउद्देशीय परियोजना, नैनीताल–पेयजल, सिंचाई और विद्युत उत्पादन हेतु।
- विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना।
- चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना।
- नैनीताल में अत्याधुनिक दुग्ध संयंत्र।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों द्वारा

दिनांक: 09 नवम्बर, 2025 | समय: प्रातः 9 बजे | स्थान: एफ.आर.आई., देहरादून, उत्तराखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



## संकल्प
नये उत्तराखण्ड का

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
- राज्य में सशक्त भू कानून, सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। अब तक ₹01 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- राज्य के इतिहास में पहली बार पेश हुआ 1 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर किया 50 लाख रुपए। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 26 गुना बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बढ़ी है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार ₹14501 करोड़ था, जो 2024-25 में बढ़कर ₹378240 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।
- केदारनाथ पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। बद्रीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रुप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान।
- कुमाऊं क्षेत्र में मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत 48 मन्दिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- राज्य में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण।
- राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये ₹200 करोड के वेंचर फण्ड की स्थापना।
- वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर ₹1500 किया गया है। अब दोनों बुजुर्ग दंपत्ति को मिल रहा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ। वृद्धावस्था, विधवा, तथा दिव्यांग पेंशन का भुगतान 3 माह की जगह अब प्रत्येक माह होगा।
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांत के 51 गांवों का चयन कर किया जा रहा सुनियोजित विकास।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल।

विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# मासूम बच्ची से की गंदी हरकत, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 4 निवासी एक विशेष समुदाय के व्यक्ति द्वारा एक लिखित तहरीर देते हुए अवगत कराया था हमारी बच्ची जो 9 वर्ष की है। वार्ड में ही ट्यूशन पढ़ने जाती थी जिस घर में महिला टीचर से बालिका ट्यूशन पढ़ती थी। टीचर का भाई संजय भट्ट घर के आगे सड़क किनारे एक छोटी सी कनफेक्शनरी की दुकान चलाता है। शुक्रवार को जब हमारी बच्ची पढ़ कर वापस घर आ रही थी तो संजय भट्ट ने हमारी बच्ची को चीज देने के बहाने से दुकान में बुला लिया और बच्ची के साथ गलत हरकत करने लगा। बच्ची किसी तरह वहां से भाग कर अपने घर पहुंची और घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मामला दो समुदाय का होने के कारण मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए आगे से इसी हरकत ना करने की बात कही। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। बालिका के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान भी दर्ज कराए गए। वही बताया जा रहा है युवक द्वारा कुछ वर्ष पूर्व भी अन्य बालिका के साथ भी छेड़खानी की थी तब माफी मांगने आगे से ऐसी हरकत ना करने की शर्त पर आरोपी को छोड़ दिया गया था मगर आरोपी द्वारा ऐसी घटना को अंजाम देने से क्षेत्र के गणमान्य लोगों में आक्रोश है।

# काशीपुर में मैराथन आज

## महापौर दीपक बाली ने प्रतिभागियों को प्रदान की टी-शर्ट्स



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'यश कीर्ति सेतु' द्वारा 'मैराथन दौड़' का आयोजन रविवार, 09 नवंबर को काशीपुर में किया जाएगा, जिसमें भारी तादाद में युवा और बुजुर्ग प्रतिभाग करेंगे। इन प्रतिभागियों को महापौर दीपक बाली के द्वारा टी-शर्ट प्रदान की गई, जिसे पहनकर वे दौड़ में शामिल होंगे। 'आइए, सिर्फ एक दिन के लिए, साथ चलें' के मोटिव के साथ 'नशा मुक्त उत्तराखंड' और 'फिट हैं तो हिट हैं' के स्लोगन को मजबूती प्रदान करते हुए लायंस क्लब ग्रेटर 321-बी1, तराई इंडिपेंडेंट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से 2.5 किलोमीटर से 5.0 किलोमीटर की इस मैराथन दौड़ का आयोजन रविवार सुबह 6.30 बजे गिरीताल रोड स्थित ज्ञानार्थी कालेज से किया जाएगा, जिसका समापन भी ज्ञानार्थी कालेज में ही होगा। आयोजन में 13 वर्ष से कम, 13-21 वर्ष, 21-55 वर्ष, 55+ आयु वर्ग के धावक प्रतिभाग करेंगे। मैराथन दौड़ से पहले केएफसी फिटनेस द्वारा वॉर्मअप कराया जायेगा। मैराथन में पंजाब नेशनल बैंक, लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर, आरएस डिज़ाइनर काशीपुर, ज्ञानार्थी कालेज, आशीष बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, एग्रोन रेमेडीज लि. और हमारा मेडिकल पार्टनर केव. ीआर हॉस्पिटल सहभागिता निभाएगा। गुरुकुल फाउंडेशन, स्कूल ग्रीष्मकालीन अध्ययन कक्ष, विरासत, संस्कार, शेमफोर्ड स्कूल के छोटे बच्चे आदि भी सहभागिता निभाएंगे। वर्तमान परिवेश में बच्चों के ओपन स्पोर्ट्स में रुचि लेने और बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी इस मैराथन का प्रमुख उद्देश्य है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा धूमधाम से मनाएगा रजत जयंती

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशभर में उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह आयोजित करेगा। यह कार्यक्रम राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ जी और भाजपा हाईकमान के निर्देशानुसार, रजत जयंती समारोह के तहत सभी जिले और मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी कार्यकर्ता राज्य स्थापना दिवस पर अपने-अपने मंडलों में कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। प्रेस नोट में महमूद हसन बंजारा ने यह भी बताया कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई द्वारा की गई थी, जिसे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी जी ने राज्य के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज उत्तराखंड अपने मजबूत नेतृत्व के कारण देश के विकसित राज्यों में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की संयुक्त कोशिशों से देश और प्रदेश का विकास तेज़ी से हो रहा है। जहां एक तरफ देशभर में प्रधानमंत्री मोदी जी की कार्यशैली की सराहना हो रही है, वहीं उत्तराखंड में मुख्यमंत्री धामी जी के नेतृत्व में राज्य में अभूतपूर्व बदलाव आया है।



## एक नजर

### पंतनगर विवि में रन फॉर यूनिवर्सिटी 11 को

**पंतनगर।** उत्तराखण्ड राज्य के रजत जयंती के शुभ अवसर पर पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम-2025 हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रन फॉर यूनिवर्सिटी का आयोजन 11 नवम्बर 2025 को विश्वविद्यालय के स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। प्रभारी शारीरिक शिक्षा ने उक्त कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आह्वान किया है।

### राज्य आंदोलनकारियों ने किया प्रदर्शन

**बागेश्वर।** राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की अवधारणा आज भी अधूरी है। पलायन रोकने में आज भी सरकारें नाकाम साबित हो रही हैं। चिह्नित आंदोलकारी शनिवार की सुबह 11 बजे शहीद स्मारक स्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में सांकेतिक प्रदर्शन किया। संगठन से जुड़े हीराबल्लभ भट्ट ने कहा कि सरकार आंदोलनकारियों को सम्मान देने की बात करती है, लेकिन सम्मान आज तक नहीं मिला। कहा कि राज्य जिन अवधारणाओं पर बनाया गया था वे आज कही नजर नहीं आते है। आज पहाड़ों में जंगली जानवर बंदरों का डेरा बन चुका है। राज्य के लोग जिन अपेक्षाओं के साथ नेताओं को अपनी आवाज सदन में पहुंचाने के लिए भेजते है, वे वहां बेतुकी और अपने लाभ की बात करते है। उन्होंने छूटे हुए आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र जारी करने की की। इसके अलावा आंदोलनकारियों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि करने की बात कही। इस मौके पर भुवन कांडपाल, हीरा बल्लभ भट्ट, सुंदर सिंह, गंगा सिंह पांगती, नीमा दफोटी, रमेश कृषक, खष्टी देवी, हेमा पंथ, नंदी देवी थे।

### बीसी जोशी स्टेडियम में रामलीला मंचन

**बागेश्वर।** दुगनाकुरी तहसील के बीसी जोशी स्टेडियम में रामलीला मंचन जारी है। शुक्रवार को रामलीला में लंका दहन हुआ। रामलीला मंचन देखने के लिए दर्शक देर रात तक बैठ रहे हैं। रामलीला कमेटी किड़ई पचार (रंगीली-नाकुरी) में रामलीला को देखने के लिए दूर दूर से ग्रामीण पहुंच रहे हैं। यहां आयोजित रामलीला में कलाकारों द्वारा बेहतरीन अभिनव करते हुए लोगों को लीला से आनंदित किया जा रहा है। देर रात तक चली लीला में लंका दहन के साथ विभीषण रावण को समझाने का प्रयास करते हैं, लेकिन घमंड में चूर रावण उसे ताल मारकर घर से निकाल देता है। विभीषण राम की शरण में आ जाता है। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, लक्ष्मण सिंह देव, पूरन गढ़िया, राम सिंह, प्रकाश जोशी, चंचल रैखोला, कैलाश पाठक, संजय पाठक थे।

### स्टेडियम निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति

**बागेश्वर।** विधायक बागेश्वर पार्वती दास ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर के विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जनपद बागेश्वर में खेल सुविधाओं व खिलाड़ियों हेतु इंडोर स्टेडियम तथा ओपन स्टेडियम निर्माण के लिए युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के माध्यम से 475.04 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किस्त के रूप मे 190.016 लाख की धनराशि की स्वीकृति कर कार्य का शुभारंभ किया गया है। इसमें खिलाड़ियों हेतु हॉल का निर्माण, खेल उपकरण, प्रशिक्षण रूम व खिलड़ियों हेतु शौचालयों का निर्माण कार्य किया जाएगा। विधायक दास ने समस्त जनपदवासियों, खिलाड़ियों की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व मंत्री खेल एवं युवा कल्याण रेखा आर्या आभार जताया है।

### महिला सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में महिला सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाज सेविका श्वेता अग्रवाल रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में महिलाओं के उत्थान, समाज में उनकी भूमिका एवं गुणों के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शेफाली पांडे (जिला संयोजिका, प्रधान अध्यापिका, शिक्षाविद्) रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज में महिलाओं के योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं की भूमिका को समाज निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षा समाज सेविका शिवरानी ने की। कार्यक्रम का सफल संयोजन रेखा शर्मा (आचार्या, तुलाराम राजाराम) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। अंत में विशिष्ट माताओं को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# वाजपेयी ने किया उत्तराखंड का निर्माण सीएम धामी रहे हैं संवार: गोयल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** भाजपा नगर मंडल निवर्तमान अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के लिए हमेशा से ही समर्पण भावना के साथ जनता की आवाज बनकर विकास किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के 25 वर्षों को राज्य रजत जयंती के उत्सव में आज 25 वी रजत जयंती दिवस मनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कि उत्तराखंड 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर बना था और यह भारत का 27वां राज्य था। इसका गठन 'उत्तरांचल' के नाम से हुआ था और बाद में जनवरी 2007 में इसका नाम बदलकर उत्तराखंड कर दिया गया। उत्तर प्रदेश से पृथक हुए उत्तरांचल के बाद उत्तराखंड का महत्व किसी से छिपा नहीं है। भाजपा नेता अभिषेक गोयल ने बताया कि प्रथम बार उत्तराखंड राज्य की मांग वर्ष 1897 में उठी थी, परंतु वर्ष 1994 में एक बड़े जन आंदोलन के रूप में पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग राज्य के लोगों द्वारा उठाई गई, अंततः तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पृथक राज्य की मांग को स्वीकार करते हुए 9 नवंबर 2000 में उत्तराखंड राज्य को अस्तित्व प्रदान किया। वर्तमान में सीएम धामी के कुशल निर्देशन में राज्य दिन प्रतिदिन उन्नति की ओर अग्रसर है।



# फैक्ट्री के रोटरी यार्ड में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महुआखेड़ागंज फेस-2 स्थित पिपलिया सेग इंडस्ट्रीज के रोटरी यार्ड में आज तड़के अचानक आग लग गई। घटना की सूचना सुबह लगभग 06.40 बजे पीएफटी के माध्यम से फायर स्टेशन काशीपुर को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में फायर यूनिट की दो गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गईं। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा गया कि आग फैक्ट्री परिसर के रोटरी यार्ड में रखे रबड़ के कट्टों में भयंकर रूप से भड़क रही थी। आग की लपटें ऊँची उठने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर कर्मियों ने तुरंत मोटर फायर इंजन से दो होज लाइन फैलाकर आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक प्रयासों से आग की तीव्रता कम की गई, परंतु पानी समाप्त होने पर दूसरे फायर टेंडर को जोड़ा गया और लगातार पंपिंग कर घंटों की मेहनत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि फैक्ट्री के कुछ हिस्सों में रखे रबड़ के सामान जलकर राख हो गए। फायर यूनिट में लीडिंग फायरमैन खीमानंद, लीडिंग फायरमैन बिजेंद्र सिंह, चालक सुमित पवार, चालक सोमबीर पवार, फायरमैन प्रकाश चंद, अर्जुन सिंह, भुवन कुमार, महिला फायरमैन नीतू नाथ, भावना, पंकज कुमार, राधिका, सीता, ज्योति और नमिता सहित पूरी टीम ने उत्कृष्ट समन्वय और साहस का परिचय दिया। फायर स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि समय रहते कार्रवाई करने से एक बड़ी औद्योगिक दुर्घटना टल गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



# राज्य आंदोलनकारियों का किया सम्मान

## डीएम आकांक्षा कोंडे और राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय ने राज्य आंदोलन के शहीदों को याद किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर तहसील परिसर बागेश्वर में राज्य आंदोलनकारियों एवं उनके परिजनों को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीदों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस दौरान आंदोलनकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और राज्य के विकास हेतु सुझाव दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे एवं दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत राज्य आंदोलन के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके त्याग और बलिदान को नमन किया गया।



जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि आंदोलनकारियों के संघर्ष और समर्पण से ही आज उत्तराखंड एक अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में है और निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याएं किसी भी माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाई जा सकती हैं, जिनका नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय ने कहा कि राज्य निर्माण जनभागीदारी और आंदोलनकारियों के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित एकता मार्च को जिलाधिकारी एवं राज्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही राष्ट्रगीत ह्वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, एसडीएम ललित मोहन तिवारी, अनिल सिंह चनियाल, एवं तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकासखंड कांडा के लिए फूंका आंदोलन का बिगुल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पृथक विकासखंड कांडा की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को कांडा कालिका मंदिर परिसर में क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि आगामी 9 नवंबर को कांडा कालिका मंदिर से लेकर कांडा तहसील कार्यालय तक एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कांडा की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या और प्रशासनिक दृष्टि से यह क्षेत्र पृथक विकासखण्ड बनने की पूर्ण पात्रता रखता है, लेकिन लंबे समय से यह मांग अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। जुलूस के उपरांत उपजिलाधिकारी कांडा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। क्षेत्रवासियों ने कहा कि जब तक कांडा को पृथक विकासखण्ड का दर्जा नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में बंशीधर कांडपाल, दरपान सिंह धपोला, एडवोकेट महिप किशोर, आलम मेहरा, वीरेंद्र नगरकोटी, हरीश कांडपाल, जितेंद्र वर्मा, बब्लू कांडपाल और अशोक पांडेय सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचे समस्याओं के समाधान समेत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। लोअर मालरोड स्थित सिमकनी खेल मैदान में आयोजित शिविर का शुभारंभ डीएम अंशुल सिंह ने किया। कहा कि राज्य स्थापना की रजत जयंती एक ऐतिहासिक अवसर है, जो हमें अपने राज्य के विकास, स्वावलंबन एवं जनसेवा के प्रति नई ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध होता है। जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। इस शिविर में सैकड़ों लोग



विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित हुए। शिविर में कुल 6 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित पंजीकृत हुई। जिनके विषय में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से करें। यहां मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, एडीएम युक्ता मिश्र, एसडीएम संजय कुमार, विद्या कर्नाटक, ललित लटवाल, रवि रौतेला, विनोद कुमार राठौर समेत अन्य मौजूद रहे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, उद्यान, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, शिक्षा तथा खाद्य आपूर्ति विभाग आदि ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह जांच एवं दवा वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं कृषि एवं उद्यान विभाग ने नवीन तकनीकों एवं योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक किया।

# चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार किए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा पुलिस ने 656 ग्राम चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान फलसीमा से टाटिक हैलपैड के पास चेकिंग अभियान के दौरान मोटर साईकिल संख्या यूपी 21 एएल 3762 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार पंकज कुमार वर्ष पुत्र मोहन चन्द्र और मनोज कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र, निवासी ग्राम सिलालेख पहाड़पानी थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल के कब्जे से 656 ग्राम चरस बरामद हुई।

# रजत जयंती पर खेल प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के अवसर पर विकास भवन बागेश्वर में खेल विभाग द्वारा बैडमिंटन, वॉलीबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता में 28 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास और आकर्षक नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बागेश्वर का नुमाइश मैदान उत्कृष्ट खिलाड़ियों को तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खेल-कैरियर को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि खेलों के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है और इनमें युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रशिक्षकों से खिलाड़ियों की ऊर्जा को सही दिशा में मार्गदर्शित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी मैचों के खिलाड़ियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, संजय परिहार, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, अर्जुन रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड कपकोट

पत्रांक-1469/दैवीय आपदा/निविदा/2025-26 दिनांक-04.11.2025

**अल्पकालीन निविदा**

"महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 11/11/2025 को निर्धारित शुल्क देकर कार्य दिवसों में प्राप्त किए जा सकते हैं। प्राप्त मोहरबंद निविदाएं 12/11/2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक जमा की जाएंगी, जो कि गठित समिति द्वारा दिनांक-12/11/2025 के अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होंगी एवं किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा की वैधता 45 दिनों की होगी। प्रत्येक कार्य के लिए 3 निविदाएं जो कि मुहरबन्द हों एवं कार्य का स्पष्ट विवरण अवश्य अंकित किया जाए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि | धरोहर राशि (2 प्रतिशत स्वीकृत धनराशि) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कर्मी के तोक सापुली में क्षतिग्रस्त बरसाती गूल पुनःनिर्माण कार्य। | 1329000.00 | 26580.00 | 1500.00 +18%GST | 2 माह | |
| 2 | ग्राम पंचायत कर्मी के सापुली गधेरे में सुड़रिया पातल में क्षतिग्रस्त आर0सी0सी0 पुलिया सुरक्षा दीवार एवं पहुंच मार्ग का पुर्नःनिर्माण कार्य। | 1446000.00 | 28920.00 | 1500.00 +18%GST | 2 माह | |

खण्ड विकास अधिकारी
कपकोट

**नोट: निविदा की शर्तें निम्नानुसार हैं:-**

1. प्रत्येक निर्माण कार्य की पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत की जानी है तथा लिफाफे के बाहर निर्माण कार्य का नाम अवश्य अंकित किया जाये।
2. निविदा के साथ रु0 100.00 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रु0 1.00 का रसीदी टिकट लगा होना चाहिए।
3. पंजीकृत ठेकेदार अपना रजिस्ट्रेशन नं0 पैन नं0. एवं जीएसटी नं0 की फोटो प्रतियों निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें तभी उनकी निविदा को तुलनात्मक विवरण में शामिल किया जाएगा।
4. निविदाएं तभी खोली जाएंगी जब प्रत्येक कार्य के लिए कम से कम 3 निविदाएं प्राप्त होंगी।
5. जमानत राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा बैंक एफडीआर जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक हो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें।
6. उक्त कार्य को पूर्ण करने की अवधि 60 दिन होगी, अपरिहार्य कारणों को छोड़कर कार्य की अवधि किसी भी दशा में बढ़ाई नहीं जाएगी।
7. थर्ड पार्टी सत्यापन उपरांत ही अंतिम भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।


# व्यापार मंडल के भूपेंद्र अध्यक्ष बने



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वाराहाट के चुनाव में भूपेंद्र कांडपाल ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। त्रिकोणीय मुकाबले में उन्होंने मनोज भट्ट को 99 मतों से पराजित किया। कांडपाल को 290 मत, जबकि मनोज भट्ट को 191 मत मिले। तीसरे प्रत्याशी मुकेश उपाध्याय को 28 मत प्राप्त हुए। शनिवार को हुए चुनाव में कुल पंजीकृत 548 में से 510 व्यापारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान की प्रक्रिया सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक चली। वहीं, सचिव पद पर सुधीर हर्बोला, महिला उपाध्यक्ष पद पर ज्योति चौधरी, कोषाध्यक्ष पद पर निरंजन वर्मा, संगठन मंत्री पद पर गिरीश पुजारी, उपाध्यक्ष पद पर तारा सिंह बिष्ट निर्विरोध निर्वाचित हुए। मतगणना पूर्ण होने के बाद विजयी पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश भट्ट ने शपथ दिलाई। यहां प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मोहन नेगी, जिला सचिव विमल भट्ट, संरक्षक भूपेन्द्र रौतेला, लीलाधर तुलारा, विनोद जोशी, जगदीश भट्ट, डा. तारा लाल साह, भगवान चौधरी, दीपक चौधरी, आशीष वर्मा, जिला महामंत्री राजेंद्र पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# गहरी खाई में गिरा डंपर चालक की मौत

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-घाट-पनार राष्ट्रीय राजमार्ग पर दन्या के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया। शनिवार को डंपर चालक बलवंत सिंह पुत्र प्रेम सिंह, निवासी करोली, जिला बागेश्वर वाहन संख्या यूके-05-सीए-1167 बाड़ेछीना से कांडानौला की ओर से जा रहा था। लेकिन कांडानौला पहुंचने से पहले ग्राम बेलक धरमखोर के समीप चालक ने वाहन से अचानक नियंत्रण खो दिया। इससे वाहन सड़क से नीचे करीब 500 मीटर खाई में जा गिरा। दुर्घटना में डंपर के परखच्चे उड़ गए। जबकि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर, थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नालियों में बिछी पाइप लाइनों को हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। नालियों में बिछी पाइपलाइनों को हटाने आदि की मांग की। शनिवार को हुई बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कहा कि पेयजल लाइनें नालियों की ओर बिछी होने से शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इससे महामारी व संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना रहती है। इन पेयजल लाइनों को हटाने की जरूरत है।



इसके अलावा वाहन आड़े-तिरछे खड़े करने पर रोक लगाने, गैस की होम डिलिवरी करने, 1994-95 में उत्तराखंड राज्य आंदोलन में भाग लेने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र देने, जीजीआईसी से लोअर माल रोड के लिए सिटी बस चलाने, धारानौला से स्टेडियम के पास तक ई रिक्शा चलाने, बाजार में दो पहिया वाहनों पर रोक लगाने आदि की मांग की। बैठक में डा. पीसी जोशी को समिति का अध्यक्ष भी नामित किया गया। यहां रमेश चंद्र तिवारी, त्रिलोक सिंह कड़ाकोटी, शेष राम, नवीन चंद्र जोशी, डा. हेमंत कुमार पांडे, एमडी काण्डपाल, नारायण दत्त पांडे, एएस कार्की, गंगा सिंह फर्त्याल, मोहन सिंह मटेला, एमबी साह, गणेश सिंह बिष्ट, हरीश आदि रहे।

# टाटा मैजिक-रोडवेज बस में आमने-सामने टक्कर

## रामपुर रोड के गन्ना सेंटर में ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा, 12 लोग जख्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड पर शनिवार शाम को एक और भीषण सड़क हादसा हुआ। ओवरटेक की कोशिश में सवारियों से भरी टाटा मैजिक सामने से आ रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस से टकरा गई। टक्कर के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में टाटा मैजिक में सवार 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को तुरंत उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद डिपो की बस संख्या यूपी78केटी-4869 सवारियां लेकर हल्द्वानी से रामपुर की ओर रही थी।



जबकि टाटा मैजिक संख्या यूके 04ईए5242 रुद्रपुर से सवारियां लेकर हल्द्वानी की ओर आ रही था। टाटा मैजिक में सवार सवारियों का कहना था कि चालक, मैजिक को काफी तेजी से चला रहा था। गन्ना सेंटर के पास स्थित ऑलिविया कॉलोनी के पास पहुंचने पर मैजिक चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और तभी सामने से आ रही बस से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषणा था कि मैजिक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि बस के आगे की शीशा टूट गया। टक्कर लगते ही चीख-पुकार मच गई। कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले ही बस का चालक बस और सवारियों को छोड़ कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में मैजिक में सवार घायलों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में 55 वर्षीय कुंती देवी, 32 वर्षीय विंदास, 26 वर्षीय ललिता पांडे, 40 वर्षीय बुद्धि सेन, 19 वर्षीय बबलू मौर्या, 32 वर्षीय सरोज, 22 वर्षीय गायत्री आर्या, 23 वर्षीय सरिता आर्या, 31 वर्षीय मीना, 11 वर्षीय मनीष, 2 वर्षीय दिव्यांशी, 32 वर्षीय चालक चिरनजीत शामिल हैं। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस ने सभी घायलों को सुशीला तिवारी भर्ती कराया गया है। जबकि बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया, बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### घायलों को बोलेरो चालक ने पहुंचाया अस्पताल

**हल्द्वानी।** देर शाम गन्ना सेंटर के पास हुए सड़क हादसे में दौरान छड़ायल निवासी वीर जोशी ने बताया कि वह घटना के समय मौके पर मौजूद थे। गन्ना सेंटर के पास अचानक उन्होंने देखा कि एक टाटा मैजिक वाहन ओवरटेक करने के चक्कर में उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस से आमने-सामने टकरा गया। इस टक्कर में टाटा मैजिक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। एक बोलेरो चालक ने अपनी गाड़ी रोक दी और एंबुलेंस के पहुंचने से पहले घायलों को अपनी गाड़ी में अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और बाकी घायल सवारियों को अस्पताल भेजा। वीर जोशी ने यह भी बताया कि वह वंदेमातरम ग्रुप से जुड़े हुए हैं और इस दौरान मदद के लिए ग्रुप के सदस्य भी मौके पर पहुंचे थे।

# दुस्साहस: घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश

## युवती के पिता को पीटकर किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत जवाहर ज्योति दमुवाढुंगा क्षेत्र में कुछ युवक एक युवती के घर में घुसे और युवती से छेड़छाड़ करने लगे। जब युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवकों ने उसके पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित परिवार की ओर से आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर काठगोदाम थाने में तहरीर सौंपी। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा काठगोदाम निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 7 अक्टूबर की रात करीब दस बजे पूरा परिवार खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे तभी पड़ोस में रहने वाला चन्दू मौर्या, राहुल मौर्या, संजू मौर्या व तनुज मौर्या उनके घर में घुसे। आरोप है कि चारों युवकों ने उसके साथ जबरदस्ती व छेड़छाड़ कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। इसी बीच बेटी को बचाने के लिए बीच बचाव करने आए युवती के पिता पर युवकों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह लहुलूहान होकर जमीन में गिर गए। पीड़िता ने पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत की। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल पिता को परि. जनों ने बेस अस्पताल में भर्ती कराया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर युवकों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# कैंचीधाम के लिए आज शटल सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष और रविवार की छुट्टी के चलते इस बार कैंची धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कैंची धाम रूट पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। भक्तों को बाबा के दर्शन कराने के लिए शटल सेवा का संचालन किया जाएगा, जबकि भारी वाहनों के लिए एक अलग रूट निर्धारित किया गया है। पुलिस के अनुसार 9 नवंबर को कैंची धाम यात्रा रूट पर वाहनों का दबाव अधिक होने की संभावना है, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रात 8 बजे से पर्यटकों और भारी वाहनों के लिए यातायात और डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। नैनीताल और



ज्योलिकोट से कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनिटोरियम में पार्क किया जाएगा, और वहां से शटल सेवा के माध्यम से उन्हें कैंची धाम में दर्शन कराए जाएंगे। भीमताल मार्ग से कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को विकास भवन भीमताल में पार्क किया जाएगा, और वहां से शटल सेवा द्वारा भक्तों को कैंची धाम भेजा जाएगा। हमें पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भी डायवर्जन का इंतजाम किया गया है। ऐसे वाहनों को भीमताल रोड से खुटानी, मुक्तेश्वर और रामगढ़ होते हुए अपने गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों जैसे सब्जी, फल, ईंधन, गैस, दूध आदि का आवागमन सुचारू रहेगा। अल्मोड़ा, रानीखेत और बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जाने वाले भारी वाहनों को क्वारब, रामगढ़, मुक्तेश्वर और खुटानी होते हुए भीमताल से अपने गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। पुलिस ने स्थानीय निवासियों, पर्यटकों, वाहन स्वामियों और चाल. कों से अपील की है कि वे यातायात प्लान का पालन करते हुए अपनी यात्रा करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### घर से बरामद शराब

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के लामाचौड़ में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक तस्कर को अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा। आरोपी का नाम पूरन चंद्र सागर निवासी नाथूपुर पड़ली लामाचौड़ है, जो पहले भी आबक. ारी अधिनियम के तहत संलिप्त मामलों में शामिल रहा है। पुलिस टीम ने साढ़े चार बजे एसआई अविनाश मौर्य के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की। जैसे ही पूरन को पुलिस ने देखा वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसकी पत्नी चंद्र किरण को पकड़ लिया। पुलिस ने घर के कमरे की तलाशी ली और अलमारी के पास सफेद डिब्बे से 5 भरे हुए और 1 खाली पाउच बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# 336 राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान

## राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष से ही साकार हुआ उत्तराखण्ड का सपना: डब्बू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान समारोह आयोजित किए गए। हल्द्वानी तहसील का मुख्य कार्यक्रम एमबीपीजी महाविद्यालय सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखण्ड मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, हुकुम सिंह कुंवर तथा एसडीएम राहुल शाह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होना हर उत्तराखण्डवासी के लिए गर्व और आत्मसम्मान का




विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन और रोजगार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। डा. डब्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य विकास के नए आयाम छू रहा है। बीते चार वर्षों में नीतिगत निर्णयों से लेकर कार्यसंस्कृति तक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, जिससे प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान से ही आज उत्तराखण्ड का सपना साकार हुआ है, और अब प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राज्य के समग्र विकास में अपना योगदान दे। इस अवसर पर हल्द्वानी और लालकुआँ क्षेत्र के 336 राज्य आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम राहुल शाह, रेखा कोहली, तहसीलदार कुलदीप पांडे, पूजा शर्मा सहित बड़ी संख्या में राज्य आंदोलनकारी, समाजसेवी मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच का आन्दोलन स्थगित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य के सभी विभागों में शिकायत निवारण समितियों के गठन को लेकर शासन ने शुक्रवार देर सायं कड़े निर्देश जारी किए हैं। इन आदेशों के बाद उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने 9 नवम्बर से देहरादून स्थित शहीद स्थल में प्रस्तावित आन्दोलन को स्थगित करने की घोषणा की है। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग के अनुभाग-2 की ओर से अपर सचिव नवनीत पाण्डे के हस्ताक्षर से जारी आदेश में सभी विभागाध्यक्षों को उच्च न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2018 को जारी आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। कोर्ट के उक्त आदेश में कर्मचारी संगठनों के कार्य बहिष्कार और हड़ताल जैसी गतिविधियों को रो. कने के साथ-साथ संवाद बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक विभाग में शिकायत निवारण समिति के गठन और त्रैमासिक बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। शासन ने बताया कि 13 दिसम्बर 2018 को इस संबंध में आदेश जारी किए गए थे, किंतु सात वर्ष बीत जाने के बावजूद अधिकांश विभागों में समितियों का गठन नहीं हुआ है। आदेश में यह भी कहा गया है कि जहां समितियां गठित हैं, वे त्रैमासिक बैठकों में लिए गए निर्णयों का ब्यौरा शासन को भेजें, और जहां नहीं हैं, वहां तत्काल गठन कर नियमित बैठकें सुनिश्चित करें। उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने शासन के आद. ेश का स्वागत किया है।

# संगठन की मजबूती ही सफलता की कुंजी: यशपाल

## नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस एससी विभाग नैनीताल के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निवास स्थान पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस कमेटी एससी विभाग नैनीताल के पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम नैनीताल जिला कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के जिला अध्यक्ष इन्दर पाल आर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जिलाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इन्दर पाल आर्य की संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व ने कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा दी है। उनकी मेहनत और समर्पण से जिले



में पार्टी की पकड़ मजबूत हुई है। उन्होंने आगे कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाने का लक्ष्य बनाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य ने कहा कि वे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि नैनीताल जिले समेत पूरे उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाए और समाज के सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ा जाए। इस अवसर पर नैनीताल जिला कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य प्रमुख कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# धामी के नेतृत्व में बन रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदेश: डा. डब्बू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष और प्रमुख राज्य आंदोलनक. ारी डा. अनिल डब्बू ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन में वृद्धि, सरकारी गेस्ट हाउस में छूट, चिन्हीकरण की प्रक्रिया को 6 महीने में पूरा करने की घोषणा, और गंभीर बीमारी के लिए अटेंडेंट की सुविधा देने के निर्णय को राज्य आंदोलनकारियों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। डा. डब्बू ने मुख्यमंत्री के इन निर्णयों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खुद एक राज्य आंदोलनकारी रहे हैं और आज पूरे प्रदेश में राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि



सरकार अपने हर कदम से राज्य आंदोलनकारियों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान का प्रदर्शन कर रही है। डा. डब्बू ने यह भी कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को साकार करने के दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है, और उनके दिशा-निर्देशों में मुख्यमंत्री धामी राज्य को हर क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि उत्तराखंड अगला दशक देश का सबसे श्रेष्ठ प्रदेश बने, और मुख्यमंत्री धामी इस लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण ज़रूरी: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी बसंत विहार में पहाड़ी आर्मी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने की।

इस दौरान उन्होंने पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण अभियान की विस्तार से जानकारी दी और पर्वतीय संस्कृति, अस्मिता तथा संसाधनों को संरक्षित करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। बैठक में जिला प्रभारी महिला दीपा पांडे और जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कांडपाल ने कहा कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जहां सरकार रजत जयंती मना रही है, वहीं राज्य के लोग अब भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हल्द्वानी



के नवाबी रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में 25 वर्षों में उत्तराखण्ड कहां और क्यों विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों, पहाड़ हितैषी संगठनों और जनप्रतिनिधियों से इसमें शामिल होने की अपील की। बैठक में महिला जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रेमा मेर, सचिव अंजू पांडे, नीमा भट्ट ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में देवभूमि में महिला अपराध की दर इतनी बढ़ी है कि यह दानव भूमि में बदलती नजर आ रही है। नगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडे ने कहा कि जिस संस्कृति, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए राज्य का निर्माण हुआ था, नीति निर्धारकों ने उसे भुला दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब दिल्ली और नागपुर की विचारधारा पहाड़ों पर थोपी जा रही है।

### भगवान शिव के अवतारों का वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिठौरिया नम्बर-1 स्थित भूमिया मंदिर में शिव महापुराण ज्ञान कथा के नवें दिन ब्यास बसन्त बल्लभ त्रिपाठी ने भगवान शिव के 1022220 अवतारों का वर्णन करते हुए 12 ज्योर्तिलिंग की कथा सुनाई। ब्यास जी ने शिव महिमा को अपरम्पार बताते हुए कहा कि श्रद्धाभाव से शिव के नाम का जाप करने से मनुष्य की समस्त मनोकामना पूर्ण हो जाती है। पांच सौ से अधिक साल पुराने हल्दू के वृक्ष के नीचे बने चबूतरे में स्थापित इस प्राचीन भूमिया मन्दिर के प्रति आसपास के क्षैत्रवासियों की गहरी आस्था होने के कारण कथा सुनने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग आ रहे हैं और संगीतमय माहौल में शिवभक्ति में नाचते झूमते नजर आ रहे हैं। भूमिया मन्दिर समिति की ओर से गत 31 अक्टूबर से आयोजित इस कार्यक्रम में नौ नवम्बर से हवन में आहुति दी जायेंगी और 10 नवम्बर को पूर्णाहुति के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। मन्दिर समिति यज्ञ के निर्विघ्न और भव्य समापन हेतु तैयारी में जुटी है। शनिवार की प्रात: पंडित उमेश चन्द्र त्रिपाठी द्वारा वैदिक मन्त्रोचारण के साथ गणेशादि, शिवपूजन और पंचागपूजन कराया गया जिसमें मुख्य यजमान भास्करानंद लोहनी, सह यजमान नवीन जोशी थे। संगीतमण्डली में नवीन चन्द्र जोशी, दिव्यांशु त्रिपाठी, मुकुल चोपडा, मनोज तिवारी थे। कार्यक्रम में भूमिया मन्दिर समिति के अध्यक्ष तेज सिंह धौनी, संयोजक प्रेम बल्लभ काण्डपाल, कोषाध्यक्ष दिनेश चन्द्र सुयाल, महेश चन्द्र जोशी, मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र पाण्डे, रूप सिंह बिष्ट, पार्षद नवीन जोशी, कैलाश जोशी, लक्ष्मण सिंह सौन, गिरीश तिवारी, पीएस बिष्ट, पुष्पा लोहनी, हेमा जोशी, जानकी जोशी, दीपा, चन्द्रिका बिष्ट, दीपा, कंचन जोशी, प्रभा जोशी आदि थे।

# एकता व्यापार मंडल ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल, उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सहयोग करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना में राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, जिस प्रकार आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर राज्य निर्माण में योगदान दिया, उसी प्रकार हमें भी समाज की सेवा में आगे आना




चाहिए। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। आज के समय में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। गुप्ता ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। रक्तदान शिविर में अतुल कुमार गुप्ता, अंकित पाल, सोनू बेलवाल, राघवेंद्र चौहान, चंद्रशेखर पांडे, सोनू पलाड़िया, मोहित तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया।

# मैराथन देती है फिटनेस व धैर्य का संदेश: रेखा

## आंचल मैराथन के विजेताओं को खेल मंत्री ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को इंपीरियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित आंचल मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि मैराथन हमें फिटनेस, निरंतर परिश्रम और हर परिस्थिति में उम्मीद बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने युवाओं से इन गुणों को अपनाने का आह्वान किया ताकि वे प्रदेश और देश की प्रगति में सक्रिय भागीदार बन सकें। उन्होंने





कहा कि प्रदेश को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए युवाओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने बताया कि सरकार खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहन और सहयोग दे रही है। राज्य के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरी दी जा रही है, साथ ही अन्य सरकारी नौकरियों में 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान भी किया गया है। मैराथन प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नीरज नेगी ने और बालिका वर्ग में पूजा बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेघा गोस्वामी और तुषार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अनु भट्ट और सौरभ रावत तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, पूर्व विधायक नवीन चंद्र दुम्का, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा दीपेंद्र कोश्यारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, गोपाल सिंह गंगोला, लीला बिष्ट, त्रिलोक सिंह, प्रकाश गाजुला, दीपा रैक्वाल, गो. विंद मेहता, दीपा बिष्ट, अशोक जोशी सहित मौजूद रहे।

### सीएम की घोषणा का स्वागत

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की विभिन्न मांगों को राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर स्वीकार कर घोषणा करने का राज्य आंदोलनकारियों ने स्वागत किया है। इस अवसर पर प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी हुकम सिंह कुंवर, जगमोहन चिलवाल, पंकज सुयाल, बृजमोहन सिजवाली, नरेश चंद्र भट्ट, केदार पलड़िया, भुवन तिवारी, दीपक रौतेला, बालम सिंह बिष्ट, नीरज पंत, तरुण पंत, मोहानी बंगारी, दीवान सिंह बिष्ट, एनबी गुणवंत, नीमा अग्रवाल, किरन पांडेय, वीरेंद्र परिहार, जगमोहन बगड़वाल, हीरा सिंह बिष्ट, विनोद घड़ियाल आदि मौजूद रहे।

### गरीब बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एकता जन सेवा फाउंडेशन, एंटी करप्शन सेल एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के तत्वावधान में वीरांगना संस्थान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई और उन्हें उत्तराखंड की स्थापना, संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास के बारे में जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर एवं प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण ने किया। इस दौरान संगठन ने संस्थान द्वारा किए जा रहे भिक्षा-मुक्त, शिक्षा-युक्त भारत अभियान की भी प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण, नगर सचिव लक्ष्मी देवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रोहित दिवाकर, प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, वीरांगना संस्थान की प्रधानाचार्या गुंजन अरोरा, पूनम बिनवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## दो दिवसीय खेलकूद दिवस का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रिनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, बसई रामनगर में दो दिवसीय खेलकूद दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्ध निदेशक आलोक गुसाईं द्वारा किया गया। पहले दिन खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, चैस, कैरम आदि जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

दूसरे दिन एथलेटिक्स और अन्य प्रतियोगिताओं के फाईनल मैच खेले गये। वॉलीबॉल की विजेता पंचम सेमेस्टर व खो-खो विजेता तृतीय सेमेस्टर रही।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गए। प्रबन्ध निदेशक आलोक गुसाई ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों से न केवल शारिरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना का भी विकास होता है। इस आयोजन में सभी फैकल्टी व स्टाफ की अहम भूमिका रही।

इस दौरान कार्यक्रम में जितेन्द्र,आरिफ खान, नीरज पाण्डेय, अनुराग अधिकारी, नीरज सिंह नेगी, राजेश, आशीष सेमवाल, मोनिका खनायत, श्वेता मखिजा, दिवाकर शर्मा, तेजपाल, रईस सैफी, कैलाश रावत, रश्मि पाण्डेय, रेखा आदि मौजूद रहे।

# आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखण्ड बनेगा देश का सर्वश्रेष्ठ राज्यः महापौर

- आन्दोलनकारियों की भावनाओं के अनुरूप निरंतर किए जा रहे हैं कार्यः डीएम
- राज्य आन्दोलनकारियों को पुष्पमाला व अंगवस्त्र भेंटकर किया गया सम्मानित





शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** राज्य स्थापना रजत जयंती दिवस के अवसर पर राज्य आन्दोलनकारियों को सम्मानित किया गया। महापौर विकास शर्मा, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, एसपी उत्तम सिंह नेगी सहित राज्य आन्दोलनकारियों व अन्य अधिकारियों द्वारा राज्य आन्दोलन में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई, तथा राज्य आन्दोलनकारियों को पुष्पमाला व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया व कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

महापौर ने राज्य की रजत जयंती की बधाई देते हुए कहा कि राज्य अन्दोलनकारियों के कारण ही हमें उत्तराखण्ड राज्य मिला है। उन्होंने कहा कि लम्बे आन्दोलन व मांग के बाद 09 नवम्बर 2000 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने मानवीय संवेदनाओं, मूल भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य गठन कर, आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य का तोहफा दिया। उन्होंने कहा कि युवा राज्य के इन 25 वर्षों के सफर में बहुत कुछ पाया है और भी बहुत कुछ पाना बाकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संकल्प लिया है कि राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों के अनुरूप राज्य के चहुमुंखी विकास हेतु सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने राज्य स्थापना रजत जयंती को बधाई देते हुए शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों द्वारा जिन अपेक्षाओं आकांक्षाओं को लेकर राज्य गठन हेतु आन्दोलन किया गया था उनकी भावनाओं के अनुरूप निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चहुंमुखी विकास हेतु प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी तथा अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, तत्परता एवं ईमानदारी से करे यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम में राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी जिनके विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। चित्रकला में क्रमशः मनीष चावला, अमन सागर व दीपक प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः कु. कामिनी, राधा मौर्य, कोमल तिवारी, निबन्ध प्रतियोगिता में कु. परी, दुर्गेश कुमार, अनिकेत राठौर व क्यूज प्रतियोगिता में देवा विश्वास, मयंक, अभिजीत प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में तहसील रूद्रपुर में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज व गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के बच्चों द्वारा सुन्दर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिस पर मुख्य अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम में एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, राज्य आन्दोलनकारी राज. कुमार ठुकराल, अनिल चौहान, देवकी बिष्ट, कमला बुधानी, कान्ती भकुनी, जानकी जोशी, सावित्री जोशी, माधवनन्द जोशी, जहागीर उबेद कुरैशी, अवतार सिंह, केवल कृष्ण बत्रा, सुनील चौहान, एसके नैयर, पीसी शर्मा, जैडएम सिद्दीकी, बलराज सिंह कमल पाण्डे, हरीश जोशी सहित अनेक गणमान्य व अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

## राज्य स्थापना रजत जयंती पर महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस पर महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शनिवार को महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने छात्र-छात्राओं को राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बधाई देते हुए कहा कि भारत मां की कोख से जन्मे समृद्ध संस्कृति एवं अध्यात्म का प्रतीक उत्तराखंड है ,जो मुक्ति का धाम है ,इसकी अपनी अलग शान और अलग पहचान है। इस अवसर पर महाविद्यालय के तत्वाधान में एनएसएस स्वयंसेवी व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला के नेतृत्व में महाविद्यालय के आसपास एवं परिसर के अंदर स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने स्वयंसेवी व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता में भगवान का वास होता है, स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस अवसर पर डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. मनोज जोशी, डॉ.आरती राणा, डॉ.राधा बिष्ट, डॉ. किरन, डॉ. नीतू, ज्योति राणा, ममता राणा, मनोज कुमार, रेनू थापा, दीपा दानू , काजल वर्मन, मनप्रीत कौर, कार्यालय सहायक पूनम राना, पुस्तकालय सहायक प्रगति राना और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दुर्गानाथ गोस्वामी, देव राम सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## सड़कों पर बेखौफ दौड़ रही पताई और पुआल से भरी ओवर हाइट ट्रैक्टर ट्रालियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सीमांत की सड़कों पर पताई व पुआल से भरी ओवर हाइट टैक्टर ट्रॉलियों के फर्राटा भरने से अन्य वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। एनएच 731 सहित लिंक मार्गों पर दिन रात करीब दर्जनों टैक्टर ट्रॉलियां दौड़ते नजर आते है जिससे आम नागरिकों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।



आपको बताते चलें पताई और पुआल का उपयोग गुड़ के कोल्हू में ईंधन के रूप में किया जाता है। गन्ना पेरने के बाद निकले हुए पाता की बचत करने हेतु और उसको उचित दामों पर बेचने के लिए कोल्हू स्वामी अधिक कमाई के चक्कर में खेत खलिहान से पुआल और पताई डग्गामार वाहनों से ढोते रहते है। जिससे उक्त वाहनों के कारण आम नागरिक को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में उक्त ट्रैक्टर ट्रालियों से कई बार दुर्घटना हो चुकी है। वहीं उक्त आवर हाइट टैक्टर ट्रॉलियों पर अंकुश लगाने हेतु क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पुलिस से कई बार लिखित रूप से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## गोशन स्कूल में उत्तराखण्ड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

- स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने कुमाऊनी गीत, समूह नृत्य ,भाषण, कविता पाठ प्रस्तुत किए



शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता ।** उत्तराखंड स्थापना दिवस पर प्रस्तुत किए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शनिवार को नगर ने गोशन स्कूल द्वारा उत्तराखंड स्थापना दिवस पर प्रस्तुत किए विशेष कार्यक्रम में उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम का संचालन चारु जोशी एवं पंकज जोशी के द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा कुमाऊनी गीत, समूह नृत्य ,भाषण, कविता पाठ प्रस्तुत किए गये,

शिक्षक देवकीनंदन द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंधक डॉ. सुरेश चंद्र जोशी ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी छात्रों को विशेष जानकारी देते हुए कहा कि समाज में व्यक्ति की पहचान उसके द्वारा किए गए अथक परिश्रम से ही होती है। हम सभी को अपनी जड़ो से जुड़ना चाहिए। जिससे हमारी संस्कृति सुरक्षित रह सके एवं हमारे द्वारा किए गए नेक कार्यों से सामाज को एक उन्नत दिशा मिल सके। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रकाश कांडपाल, उप प्रधानाचार्य दमनप्रीत कौर, एमडी सरोज जोशी,शिव दत्त जोशी,परीक्षा प्रभारी सुनील पुजारी जी, हेम कांडपाल, मनदीप कौर, व्यायाम शिक्षक चेतन चौसाली जी, विजय नागर, नीलम सोराड़ी, मीनाक्षी कुमारी, कशिश भट्ट ,नीलम कन्याल, प्रेणा सिंह, ललित सिंह, तथा दीपक सक्सेना सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डायनेस्टी के 27 विद्यार्थियों की माताओं को मिला कमला नेहरू पुरस्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म खटीमा के 27 विद्यार्थियों जिन्होंने उत्तराखंड सरकार की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था उनकी माताओं को स्व.कमला नेहरू पुरस्कार से नवाजा गया। इस पुरस्कार में विद्यार्थियों की माताओं को उपहार स्वरूप धन राशि प्रदान की जाती है।





विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों की सभी माताओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि विगत वर्षों से उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की अनेक माताओं को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। डायनेस्टी क्षेत्र का एकमात्र ऐसा विद्यालय है जिसमें एक साथ इतने विद्यार्थियों की माताओं का चयन उपरोक्त पुरस्कार हेतु हुआ है। इस उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों की एकजुट मेहनत से यह आयाम स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, सुरेश ओली, रमेश जोशी, अशोक जोशी, विजय कुमार कलकुरिया, प्रमोद कुमार तलनिया, पूरन पांडेय, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, मंजू चंद, ऊषा चौसाली, शिल्पा सक्सेना, ऊषा भट्ट, लिंसी त्यागी तथा हेमलता बोरा आदि उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड की सच्ची हितैषीः अरविंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड की यह स्पष्ट मान्यता है कि समाजवादी विचारधारा ही उत्तराखण्ड के सर्वांगीण विकास की दिशा निर्धारित कर सकती है। समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड की हितैषी पार्टी है, जिसकी नींव नेता जी मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 1994 में रखी थी।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तराखण्ड की जनता के कठिन समय में सदैव सहयोग दिया। केदारनाथ आपदा के दौरान उन्होंने सबसे अधिक योगदान दिया और उत्तरकाशी की एक महिला को पाँच लाख रुपये का सम्मान देकर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, स्व. नारायण दत्त तिवारी के जन्मदिन पर बरेली से बागेश्वर मार्ग को उपहार स्वरूप बनवाया गया तथा उस मार्ग का नाम नारायण दत्त तिवारी मार्ग रखा गया। आज भी उत्तराखण्ड के युवा रोजगार के लिए राज्य से बाहर जाने को विवश हैं। बेरोजगारी और पलायन की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सीमांत गांव खाली हो रहे हैं, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है। समाजवादी पार्टी का संकल्प है कि हम उत्तराखण्ड को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं अग्रणी राज्य बनाएंगे। इस मौके पर अरविंद यादव, अमित कुमार, गोपाल सिंह, दबीर रजा आदि उपस्थित रहे ।

## मेलाघाट भारत नेपाल सीमा पर उपजा विवाद सुलझा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** मेलाघाट भारत नेपाल सीमा पर दोनों देशों के नागरिकों के बीच उपजे विवाद का शनिवार को समझा बुझाकर निपटारा कर दिया गया।

आपको बता दें कि बीते मंगलवार को मेलाघाट बाजार में एक सब्जी व्यवसाई व एक नेपाली नागरिक के बीच सब्जी के भाव को लेकर विवाद वह मारपीट हो गया था। इसके उपरांत सैकड़ो नेपाली नागरिकों ने शनिवार शाम को मेलाघाट बाजार में पहुंचकर जमकर जमकर हंगामा काटा था, लेकिन स्थानीय जनप्रति. निधियों व व्यापारियों के समझा बुझाकर नेपाली नागरिकों को वापस कर दिया। वहीं विगत दो दिनों से एक नेपाली नागरिक द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर आपत्तिजनक व अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था तथा मारपीट की धमकी दी गई थी। इसी बीच नेपाली नागरिकों ने दर्जनों भारतीय नागरिकों से नेपाल में प्रवेश करने पर मारपीट भी की थी। जिस पर शनिवार को मामला गरमा गया और तूल पकड़ लिया। जिसकी वजह से भारतीय नागरिकों ने नेपाली नागरिकों की थोड़ी देर के लिए आवाजाही बंद कर दिया। इसके पश्चात स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।

वहीं झनकईया थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां मेलाघाट व्यापार मंडल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नेपाली ऐपीएफ, पुलिस प्रशासन व नेपाली जनप्रतिनिधियों के बीच बैठक कर समझा बुझाकर मामले का निपटारा कर दिया गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल किए गए वीडियो को भी डिलीट करने की बात कही गई।

## रुद्रपुर में आज जुटेंगे देश के प्रसिद्ध जाने माने कवि

- जनता इंटर कॉलेज परिसर में आज होगा विराट कवि सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** राष्ट्र के अमर शहीदों और महान पुरुषों की स्मृति के साथ-साथ उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी रुद्रपुर में भव्य विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन आज 9 नवंबर रविवार की रात्रि आठ बजे से जनता इंटर कॉलेज परिसर में होगा। कवि सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय चेतना मंच के बैनर तले किया जा रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कवि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति, एकता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि यह उत्तराखंड की अस्मिता और त्याग का प्रतीक है। इस अवसर पर साहित्य के माध्यम से समाज को नई दिशा देना ही हमारा उद्देश्य है। ठुकराल ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध कवि अपनी ओजस्वी और हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कवि सम्मेलन में मेरठ से विख्यात कवि डॉ. हरिओम पंवार, नई दिल्ली से प्रताप सिंह फौजदार और दिनेश बावरा, जबल. पुर से सुदीप भोला, मधुबनी (बिहार) से शंभू शिखर, मुम्बई से अमित शर्मा, नैनीताल से गोरी मिश्रा, हिमांशु शंकर (चंदौसी), से तथा बाजपुर से सुश्री काव्या जैन अपने काव्य पाठ से समां बांधेंगे।



ठुकराल ने बताया कि कवि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और इसमें प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोग साहित्यिक आनंद ले सकें।

कार्यक्रम को पारिवारिक एवं गैर-राजनीतिक स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है ताकि हर आयु वर्ग के लोग इसमें भाग ले सकें। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात उद्योगपति एवं कुमार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक शिव कुमार अग्रवाल शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के अध्यक्ष एडवोकेट डी.पी. यादव करेंगे। इसके अलावा क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यप्रेमी और जनप्रतिनिधि भी आयोजन में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रेस वार्ता में संजय ठुकराल अध्यक्ष राष्ट्रीय चेतना मंच, राजकुमार भुसरी, राजेश ग्रोवर, वर्जन मंडल केरू, आनंद शर्मा, ललित बिष्ट, राजीव गुप्ता, शिवकुमार शिबू, पंकज सुखीजा, गगन ग्रोवर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बंद हो पार्किंग व प्रवेश शुल्क के नाम पर हो रही अवैध वसूली



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में पार्किंग व प्रवेश शुल्क के नाम पर हो रही अवैध वसूली को तत्काल रोकने की मांग की है। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा है कि नगर पालिका ने पार्किंग के लिए न के बराबर स्थान विकसित किए हैं, फिर भी शुल्क वसूलना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि बाहरी पर्यटक व ट्रांसपोर्टरों के वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग से मात्र नगर क्रॉस करते हैं, लेकिन उनसे जबरन टैक्स लिया जा रहा है। यह पुरानी चुंगी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने जैसा है, जो राज्य में पहले ही समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा है कि ठेकेदारों द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी सामने आई हैं। पूर्व में ऐसी व्यवस्था शिकायत पर बंद हुई थी, लेकिन अब फिर शुरू हो गई है जिससे पर्यटक नगरी की छवि खराब हो रही है। भाजपा नेताओं ने जनहित में अवैध वसूली बंद करने की अपील की।एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएंगी।इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा,भाजपा जिला मीडिया सह संयोजक संजय डोर्बी,छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे, भाजपा नेता संजय सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## जन सम्मेलन की सफलता को लेकर किया जन संपर्क





शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25 वीं जयंती पर आयोजित जन सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाजवादी लोक मंच द्वारा जारी जन संपर्क अभियान के तहत शनिवार को ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल व टेड़ा गांव में बैठकों का आयोजन किया गया।बैठक में मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना के लिए 42 लोगों ने शहादतें दीं। उन्होंने अपना जीवन इसलिए कुर्बान नहीं किया कि भाजपा और कांग्रेस जैसे दल उत्तराखंड को तबाह-बरबाद कर दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार 25 वर्षों की सिल्वर जुबली के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर,जनता के जख्मों पर नमक छिड़क रही है।

अस्पतालों में न तो समुचित डाक्टर हैं और न ही लोगों को इलाज मिल रहा है।अनियंत्रित पर्यटन, जल विद्युत परियोजनाओं ने पहाड़ एवं पर्यावरण को तबाह-बरबाद कर दिया है। नौजवानों को नौकरी की जगह लाठी डंडे दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को खुशहाल जीवन देने में नाकाम भाजपा सरकार लव जेहाद, लैंड जेहाद का झूठ गढ़कर समाज में सांप्रदायिक बंटवारा कर रही है । जनता को एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जंगली जानवरों से सुरक्षा तथा वनाधिकार कानून 2006 लागू करने आदि के लिए संघर्षों को आगे बढ़ाने की जरूरत है।सरस्वती जोशी ने बताया कि 9 नवंबर को आयोजित जन सम्मेलन को सफल बनाने के लिए एक दर्जन से अधिक बैठकों का आयोजन किया गया और पर्चा, पोस्टर जारी कर व्यापक जन संपर्क अभियान चलाया गया है।गिरीश चंद्र ने क्षेत्र की जनता से 9 नवंबर को दिन में 11 बजे पायते वाली रामलीला, रामनगर में पहुंचने की अपील की है। उपपा नेता पीसी तिवारी, गांधीवादी नेता इस्लाम हुसैन, वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी, जन कवि बल्ली सिंह चीमा, किसान नेता अवतार सिंह भी शामिल होंगे। इस दौरान जन संपर्क अभियान में ललिता रावत, माया रावत, रेखा जोशी, किशन शर्मा, कौशल्या, ललित उप्रेती, भगवती, कविता नेगी, गंगा, विमला, शांति आदि शामिल रहे।

## धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाए जाने का आरोप, कोतवाली में दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** नाली की आड़ में वाल्मीकि समाज के एक ही परिवार को इसाई परिवार पर मारपीट कर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा। पीड़ित परिवार ने उत्तराखंड वाल्मिकी दलित समाज सुधार संगठन अध्यक्ष अनिल वाल्मिकी के नेतृत्व में एसआई देवेंद्र मनराला को तहरीर देकर बताया ग्राम दियोहरी नमूना कार निवासी संजीव पुत्र हरनाम सिंह नगर पालिका परिषद बाजपुर में सफाई कर्मचारी है, 5. नवंबर को समय शाम करीब 5: बजे लगभग अपने घर पर मौजूद था।





ग्राम सभा की तरफ से घर के आगे सडक बन रही थी कि तभी जोनी, मोनिश, विशाल पुत्रगण बालकिशन व बालकिशन पुत्र नामालूम अपने घर से निकाल कर आये और ठेकेदार से कहने लगे घर के आगे की नाली जोकि संजीव ने अपनी भूमि को छोडकर बनायी है। उसे ढक दो, तब मेरी पत्नी सुमन पत्नी संजीव बाल्मिकि व पुत्री सुहानी उम्र-15 वर्ष आयी और उक्त लोगों का विरोध करने लगी तो उक्त लोग आग बबूला हो गये और पत्नी व पुत्री के साथ मां-बहन की गन्दी गन्दी गालिया देते हुए कहने लगे कि ये नाली तेरे बाप की नहीं है बल्कि सरकारी है और जहां से हम लोग कहेगे वहां से बनेगी। जोनी, मोनिश, विशाल आये और प्रार्थी की पत्नी व पुत्री के साथ धक्का मुक्की करने लगे और मारपीट की। और ईसाई धर्म अपनाने के लिए मेरे ऊपर दवा बनाया जा रहा है आज दिन यह लोग मुझे और मेरे परिवार को प्रताड़ित करते हैं। इस मौके परमौके पर सुरेश वाल्मिकी मुकेश वाल्मिकी संजीव कुमार मिलले सुमन आदि लोग मौजूद रहे।

# बंगाली समाज भाजपा के लिए है केवल वोट बैंक: बेहड़

■ बंगाली समाज के लिए संघर्ष करेगी कांग्रेस, भाजपा कर रही उपेक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा सरकार पिछले कई वर्षों से बंगाली समाज की न्यायोचित मांगों की अनदेखी कर रही है। भाजपा के लिए बंगाली समाज केवल वोट बैंक बनकर रह गया है। अब कांग्रेस पार्टी बंगाली समाज की समस्याओं सहित सभी जन मुद्दों को लेकर आम जनता को साथ लेकर संर्घष करेगी। यह बात किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बतचीत करते कही।,

बेहड़ ने कहा कि भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान का विधानसभा में दिया गया बयान निन्दनीय है। किसी भी राज्यवासी को बाहरी कहना उचित नहीं है यह उनका अपमान है। जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि देश बंटवारे के दौरान लाखों लोग पाकिस्तान छोड़कर भारत आये जिनमें सैकड़ों लोग इस पर्वतीय क्षेत्र में आकर बसे। वहीं वर्ष 1951 में पश्चिम बंगाल से लाखों लोग भी पलायन कर यहां आये थे। जिन्हें तत्कालीन सरकार द्वारा सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई गई थीं। जबकि राज्य की स्थापना वर्ष 2000 में हुई। यह बात मुन्ना चौहान को नहीं पता होंगी। श्री बेहड़ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेई ने देवभूमि में चुनाव प्रचार के दौरान वायदा किया था कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने पर यहां बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जायेगा। लेकिन यह वायदा आज तक पूरा नहीं हुआ। जबकि मेघालय, त्रिपुरा, असम, मणिपुर, मीजोरम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा में इस समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा मिला हुआ है। फिर देवभूमि से भेदभाव क्यों? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद रहे केसी सिंह बाबा ने संसद में यह मुद्दा उठाया था। जिसके बाद केन्द्र की ओर से पत्राचार भी हुआ लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही सब कुछ बंद कर दिया गया।

श्री बेहड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा जनता के साथ धोखा ही किया है। इसकी सच्चाई बताने के लिए वह आम जनता को साथ लेकर कांग्रेस के बैनर तले संघर्ष शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पं. नारायण दत्त तिवारी ने इस राज्य के लिए जितना विकास किया आज तक कोई मुख्यमंत्री नहीं कर पाया है। अधिकांश योजनायें उनके कार्यकाल की ही हैं। वार्ता के दौरान श्री बेहड़ ने शहीद उधम सिंह यूनिर्विर्सटी की स्थापना करने, धान खरीद घोटाला, गन्ना खरीद मूल्य फैक्ट्री शुरू होने से पूर्व घोषित करने, भ्रष्ट अफसरशाही, नये विद्युत कनेक्शन बंद करने, निर्माण कार्यों में टेण्डर घोटाला, पुलिस साथ लेकर स्मार्ट मीटर लगाने, चिकित्सा अव्यवस्था, सिरोलीकला को किच्छा में शामिल करने, अतिक्रमण हटाने से प्रभावित परिवारों के पुर्नवास, वर्ग 4 की भूमि के विनियमितिकरण सहित अन्य कई मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने कहा कि वह जन मुद्दों को लेकर आगामी 17 नवम्बर को पंतनगर में गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष 24 घंटे का उपवास करेंगे। वार्ता के दौरान परिमल राय, मोहन खेड़ा आदि मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की बेटियों ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में रचा नया इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित 25वीं उत्तराखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चंपावत जिले का मान बढ़ाते हुए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, लोहाघाट की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्रीति ने हाई जंप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा उन्होंने 400 मीटर रिले रेस में भी रजत पदक प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, छात्रा गुंजन देव ने 80 मीटर हर्डल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद प्रीति का चयन राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अब प्रीति उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय मंच पर करेंगी।

विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि से उत्साह और हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य राखी सक्सेना ने दोनों छात्राओं को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि "हमारी बेटियों ने साबित कर दिया है कि पर्वतीय क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।" विद्यालय के शिक्षकों, सहपाठियों और अभिभावकों ने भी प्रीति और गुंजन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

एथलेटिक्स कोच और खेल शिक्षकों ने कहा कि यदि ऐसी प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण और संसाधन मिलें, तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का नाम रोशन कर सकती हैं।

## एक नजर

# खटीमा में रजत जयंती पर 30 महिलाओं को बांटे चेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकास खंड सभागार में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामोत्थान परियोजना के द्वारा 30 अल्ट्रा पुअर महिलाओं को 35000-35000 रुपये के चेक वितरण किए गए। इसके साथ ही व्यक्तिगत उद्यम के चार लाभार्थियों को 120000 रुपये की धनराशि का चेक दिया गया। इस अवसर पर ग्रामोत्थान परियोजना के द्वारा चलाई जा रही समूह स्तर, ग्राम संगठन स्तर तथा कलस्टर स्तर की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल, रीप परियोजना से नागेंद्र कुमार पटेल, कुमारी दीपिका राजपूत, राज्य आन्दोलनकारी जानकी गोस्वामी, लक्ष्मी पांडे, पूनम चौहान, ललित राणा, जयश्री, दीपा जोशी, मीना, पुष्पा, आशा नीतू, भागीरथी, गीता, शांति साधना, राजनंदिनी, मुकेश कुमार आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

# मानवता के सच्चे उपासक हैं डा. ललित मोहन रखोलिया और डा. ऋतु रखोलिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** चिकित्सा पेशा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा है ख्र इस बात को चरितार्थ कर रहे हैं रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ललित मोहन रखोलिया और उनकी जीवनसंगिनी प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया। यह दंपति अपने निस्वार्थ सेवा भाव, करुणा और समर्पण से आम जनमानस में "जीवित भगवान" के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके हैं। डॉ. ललित मोहन रखोलिया (संयुक्त निदेशक) वर्षों से रोगियों के प्रति अद्भुत संवेदना और समर्पण के साथ सेवा दे रहे हैं। वहीं, डॉ. ऋतु रखोलिया ने एक कुशल पेडियाट्रिशियन के रूप में हल्द्वानी क्षेत्र में हजारों बालकों को जीवनदान और माताओं को भरोसा दिया है। डॉ ऋतु हल्द्वानी मेडीकल कॉलेज की प्रोफेसर भी है। कोरोना काल जैसी भयावह स्थिति में जब अधिकांश लोग अपने घरों तक सीमित हो गए थे, तब यह दंपति दिन-रात जनता की सेवा में जुटा रहा। इनका मानना था ख्र "हम पीड़ित मानवता को उनके भाग्य पर नहीं छोड़ सकते, क्योंकि उनकी दुआएं ही हमारा सबसे बड़ा कवच हैं।

इनकी विशिष्ट सेवाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी सुरेंद्र नारायण पांडे के साथ विनित तोमर, नरेंद्र सिंह भंडारी, नवनीत पाण्डे, चम्पावत एवं पिथौरागढ़ के सीएमओ, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, रामलीला कमेटी सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने सार्वजनिक रूप से इन्हें सम्मानित किया जाता रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसे समर्पित चिकित्सक दंपति को राष्ट्रपति पुरस्कार जैसा राष्ट्रीय सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि इन्होंने चिकित्सा जगत की वह गरिमा और प्रतिष्ठा कायम रखी है, जो आज के समय में दुर्लभ है। वास्तव में, डॉ. ललित मोहन रिखोलिया और डॉ. ऋतु रखोलिया जैसे चिकित्सक हमारे समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं ख्र ऐसे सच्चे हीरो जो सफेद कोट में मानवता की मिसाल बने हुए हैं।

# विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है उत्तराखंड: डीएम

■ रजत जयंती समारोह में जनपद ने राज्य आंदोलनकारियों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में रजत जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस क्रम में रामलीला मैदान, सदर में राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई एवं जनपद के गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर देवभूमि के वीरों एवं राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी भटगांई, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी ?योगेन्द्र सिंह एवं गुरुकुलानंद कच्छाहरी ने शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके अमर बलिदान को नमन किया। इससे पूर्व विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा केएन उप्रेती राजकीय इंटर कॉलेज से रामलीला मैदान तक पदयात्रा निकाली गई, जिसमें राज्य निर्माण हेतु दिए गए बलिदानों को याद करते हुए उद्घोष किया गया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक भाग में सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत



किया, साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्रख्रछात्राओं ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों से वातावरण को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारी एवं जनसमुदाय ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। इस अवसर पर जनपद में हुए विकास कार्यों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने अत्यंत सराहा।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने राज्य आंदोलनकारियों के त्याग एवं बलिदान को नमन करते हुए कहा कि ख्र "उत्तराखंड ने बीते 25 वर्षों में विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिला प्रशासन विकास कार्यों को और अधिक गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं तीव्रता के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने उपस्थित राज्य आंदोलनकारियों को उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त किया और सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 राज्य आंदोलनकारी एवं उनके आश्रितों ने सहभागिता की। इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

उपस्थित राज्य आंदोलनकारियों ने भी अपने अभिभाषण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिलाधिकारी के प्रति इस सम्मान हेतु आभार प्रकट किया और राज्य निर्माण में अपनी भूमिका उपस्थित नागरिकों को बताई। समारोह का समापन मुख्य विकास अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने अपने अभिभाषण में कुमाऊंनी भाषा में राज्य आंदोलनकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा। रजत जयंती समारोह के अवसर पर पूरा जनपद गौरव, उत्साह एवं एकता की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया।

# सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पाटी ब्लाक अंतर्गत हर क्षेत्र में एक आदर्श गांव की पहचान बनाकर अमौली गांव के लोगों द्वारा गांव की सामूहिक रूप से सफाई एवं मार्गों के दोनों और झाड़ियां का कटान कर पूरे गांव को राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के स्वागत के लिए तैयार कर लिया है। ग्राम पंचायत अधिकारी रवि गोस्वामी एवं ग्राम विकास अधिकारी राजीव कुमार के दिशा निर्देशन में सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र भट्ट के नेतृत्व में गांव के लोग हर क्षेत्र में अग्रणीय रहते हैं। जिलाधिकारी ने गांव के युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें गांव में स्थापित लाइब्रेरी हेतु पुस्तक देने के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित भी किया है। सफाई कार्य में अमित भट्ट, लक्षित भट्ट, बल्लू भट्ट, सुमित भट्ट, चंचला भट्ट व पूरन चंद्र भट्ट ने सहयोग किया।

# महिला कर्मचारी की हत्या मामले में फरार दूसरे हत्यारे को भी पुलिस ने दबोचा

■ निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक एवं चादर को भी किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महिंद्रा ऐंड महिंद्रा कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारी की हत्या के मामले में फरार चल रहे दूसरे हत्यारे को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। घटना में प्रयुक्त बाइक एवं चादर को भी हत्यारे की निशानदेही पर बरामद कर लिया है।

कोतवाल प्रकाश सिंह ने बताया कि बीती 4 नवंबर को लालपुर महिंद्रा ऐंड महिंद्रा कंपनी में एच आर विभाग में कार्यरत उड़ीसा निवासी सृष्टि शर्मा की सुमित सिंह एवं अमित सिंह पुत्रगण कामेश्वर सिंह निवासी नियर भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल रामेश्वरपुरम लालपुर थाना किच्छा ने हत्या कर शव को बरोर नदी के किनारे फैंक दिया था। हत्या के मामले में पुलिस ने अथक प्रयास के बाद मात्र 10 घंटे के अंदर हत्यारोपी अमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया न्यायालय पेश किया न्यायालय द्वारा उसे जेल भेजा गया है। जबकि महिला कर्मचारी की हत्या में शामिल अमित सिंह का भाई सुमित सिंह फरार हो गया था। हत्या कर फरार हुए सुमित सिंह की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही



थी कि बीती रात्रि मुखबिर की सूचना पर रामपुर उत्तर प्रदेश भागने का प्रयास के दौरान लालपुर रोड महाराया से सुमित सिंह को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ गिरफ्तार अभियुक्त सुमित सिंह ने बताया गया कि उसके द्वारा अपने भाई अमित सिंह के साथ मिलकर महिंद्रा ऐंड महिंद्रा कंपनी में तैनात सृष्टि शर्मा की हत्या की थी तथा शव को मोटरसाइकिल में लादकर साक्ष्य छुपाने की नीयत से बरोर नदी श्मशान घाट लालपुर में फेंक दिया था तथा घटना करने के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने हत्या आरोपी की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मृतका के शव को छुपाने मैं प्रयुक्त की गई चादर बरामद कर ली। विदित रहे कि मृतका हत्यारोपियो के घर में कई माह से किरायेदार के रूप में रह रही थी। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक किच्छा प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद मौनियाल, चौकी प्रभारी लालपुर बसन्त प्रसाद, अ.उ.नि. जगदीश महेरा,.कानि. सुरेन्द्र भण्डारी आदि थे।

# उत्तराखंड रजत जयंती के अवसर पर हुआ राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर खटीमा मुख्य चौक स्थित शहीद स्मारक स्थल पर राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी तथा संचालन वरिष्ठ आंदोलनकारी अमित कुमार पांडे व गुणवंत जोशी ने संयुक्त रूप से किया। राज्य आंदोलन के दौरान जेल गए राज्य आंदोलनक. ारी हयात बुंग्ला, रामपाल मेहता, प्रतिमन कन्याल आदि का सम्मान किया गया। इसके पश्चात विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ ही देशभक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, एडवोकेट गोपाल बिष्ट, कैप्टन शेर सिंह दिगारी, रविंद्र राणा, नंदन सिंह खड़ायत, हिमांशु बिष्ट, प्रकाश तिवारी, भैरव दत्त पांडे, रमेश जोशी, शिव शंकर भाटिया, पूरन बिष्ट, किशन बिष्ट, विमला मुंडेला, जानकी गोस्वामी, सतीश भट्ट, भवन भट्ट, कमला जोशी, भागीरथी देवी, मनोज वाधवा, महेंद्र ठाकुर, नवीन ओली तथा तारा चंद आदि सहित अनेकों राज्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे।



# तकनीकी माध्यमों से लोकभाषाओं को जोड़ने का आ गया है समय: चंदोला

■ राष्ट्रीय कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन के दूसरे दिन डिजिटल युग में भाषा संरक्षण पर हुई गहन चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कुमाऊं की समृद्ध भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को कुमाऊंनी भाषा के भविष्य, उसकी उपयोगिता और डिजिटल युग में उसके प्रसार पर गहन से विचार विमर्श हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन डायट सभागार, रुद्रपुर में आयोजित किया जा रहा है।

दूसरे दिन के सत्र की शुरुआत कुमाऊंनी लोकगीतों की मधुर ध्वनियों के बीच हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से सभागार लोकसंस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत कर रहा था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कुमाऊँनी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व और स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि जब तक मातृभाषा जीवित रहती है, तब तक संस्कृति भी सुरक्षित रहती है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक कुमाऊँनी भाषा के अध्ययन-अध्यापन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी भाषाई जड़ों से जुड़ी रहें।

विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म, यूट्यूब चैनल, शॉर्ट फिल्म, सिनेमा और संगीत के माध्यम से भाषा को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी माध्यमों से लोकभाषाओं को जोड़ने का समय आ गया है, जिससे



उनका प्रभाव और पहुंच दोनों बढ़ सके। दूसरे दिन के सत्रों में कुमाऊंनी भाषा का आधुनिक स्वरूप, फ्लोकभाषा और सोशल मीडियाय, तथा फ्लोककला, रंगमंच और सिनेमा में कुमाऊँनी अभिव्यक्तिय् जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि लोकभाषा केवल परंपरा नहीं, बल्कि आधुनिक रचनात्मकता की आधारशिला भी है। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने कुमाऊँनी संस्कृति पर आधारित लो. कगीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जिनसे सभागार देर तक तालियों की गूंज से गूंजता रहा।

मीडिया प्रभारी डॉ. केसी चंदोला ने बताया कि आयोजन के मुख्य प्रायोजक चंदोला होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज और वसुंधरा नर्सिंग कॉलेज हैं। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर जैसे औद्योगिक शहर में लोकभाषा पर केंद्रित यह आयोजन सांस्कृतिक चेतना के नवप्रस्फुटन का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. बीएस बिष्ट, सह-संयोजक डॉ. एल.एम. उप्रेती, हयात सिंह रावत, डॉ. किशोर चंदोला, भरत लाल शाह, लक्ष्मी चंद्र पंत, आनंद सिंह धामी, हेम पंत, महेश चंद्र जोशी, रमेश चंद्र जोशी, महेंद्र ठकुराठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, लेखक, कलाकार और भाषा प्रेमी मौजूद रहे।

# विकासखंड स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव का हुआ आयोजन

■ बच्चों ने किया शानदार मॉडलों का किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** बीआरसी बाराकोट में विकासखंड स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ बीईओ कमल भट्ट, डॉ अनिल कुमार मिश्रा, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महेंद्र सिंह अधिकारी ने महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला समन्वयक डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों की भाषण, क्विज और मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होगी।

जनपद सह समन्वयक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने ने बताया कि देश की सर्वोच्च परीक्षाओं में विषय के महत्व को देखते हुए सामाजिक विज्ञान विषय में एससीईआरटी द्वारा अभिनव पहल करते हुए विद्यालय, संकुल, विकासखंड, जनपद तथा



राज्य स्तर पर पहली बार सामाजिक विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चे बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं।

इस महोत्सव के माध्यम से छात्र-छात्राओं में विषय के प्रति रुचि उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निर्णायक तथा अभिलेख में संकुल समन्वयक गणेश दत्त पंत, जीवन टम्टा, ऋतेश वर्मा, गिरिजेश पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, विनोद जोशी, हेम चंद्र पाण्डे, राखी गहतोड़ी, मेनका वर्मा आदि ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर बीईओ कमल भट्ट ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वित. रित किए तथा आगामी स्तरों हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपना बेहतर प्रदर्शन करें। ब्लॉक समन्वयक रमेश जोशी ने बताया कि संकुल स्तर में तीनों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों द्वारा ब्लॉक में प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राज्य स्थापना दिवस पर राज्य आंदोलनकारियों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर। उत्तराखंड** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार को रामनगर तहसील सभागार में राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, यह कार्यक्रम रामनगर और कालाढूंगी तहसीलों का संयुक्त आयोजन किया गया।सरकार की ओर से इस सम्मान समारोह में कुल 94 राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हित किया गया था, जिनमें रामनगर के 64 और कालाढूंगी के 30 आंदोलनकारी शामिल थे, हालांकि कार्यक्रम के दिन सिर्फ 7 लोग ही पहुंचे, वो भी आंदोलनकारियों के आश्रित,इस कम उपस्थिति ने आयोजन की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए।रामनगर तहसील के 64 में से केवल तीन आंदोलनकारियों के परिजन सम्मान लेने पहुंचे। स्व. सुमित्रा बिष्ट के बेटे संजय बिष्ट, स्व. सुरेश गुप्ता की पत्नी बृजेश गुप्ता, और स्व. ओमप्रकाश सारस्वत के पुत्र अखिलेश प्रताप सारस्वत थे।वहीं कालाढूंगी तहसील से स्व. गंगा पाठक के पुत्र सोनू पाठक, नवीन चंद्र भट्ट, चंद्रशेखर डुंगरियाल, और तारा नेगी पहुंचे।इन सभी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट और रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राज्य आंदोलनकारियों ने इस समारोह का बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सरकार दिखावटी सम्मान कर रही है जबकि उनकी पुनर्वास, पेंशन और पहचान से जुड़ी मांगे आज तक पूरी नहीं हुई हैं।आंदोलनकारियों ने कहा कि हम सम्मान के भूखे नहीं हैं, हमें हमारे हक चाहिए।

# राज्य आंदोलनकारियों व बुजुर्गों का सम्मान

## उत्तराखण्ड राज्य की रजत जयंती पर सरोवर नगरी नैनीताल में विविध समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल तथा आसपास के क्षेत्रों में उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर शनिवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों व समाज के वरिष्ठ नागरिकों को भी समानित किया गया। नैनीताल कलेकट्रेट में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक नैनीताल सरिता आर्या समेत विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, एडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह के दौरान राज्य आंदोलनकारी और वीर नारियों को किया गया समानित किया। समारोह में देवभूमि उत्तराखंड के सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए पारंपरिक लोक गीत व लोकनृत्य एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध किया ।इस दौरान सूचना विभाग की ओर से उत्तराखंड राज्य आंदोलन के वीर शहीदों की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिन्हें देखकर लोग अति भावुक हो उठे। कार्यक्रम के दौरान इन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई तथा पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन



द्वारा राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के परिवार जनों को पुष्पमाला और शॉल ओढ़ाकर समानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए राज्य आंदोलनकारी समेत अपर जिला. धिकारी शैलेंद्र नेगी, उप जिला. धिकारी नैनीताल नवाजिश खलिक, उप जिला अधिकारी श्री कैंचीधाम मोनिका, तहसीलदार अक्षय भट्ट सहित वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही स्कूलों के बच्चे व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के क्रम में ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. जयती दीक्षित द्वारा की गयी। उक्त प्रतियोगिता में नैना बीए प्रथम सेमेस्टर, निकिता बधानी बी ए प्रथम सेमेस्टर, पिंकी आर्या बीए पंचम सेमेस्टर ने प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने ऐपण में उत्तराखंड की संस्कृति को दर्शाया। निर्णायक मंडल में ममता पांडे एवं डा. निर्मला रही। प्रतियोगिता के अंत में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों काउत्साहवर्धन करने के साथ ही आने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर भवाली में ऑल इंडिया वूमेन कान्फ्रेंस के तत्वाधान में एक दिवसीय महिला घरेलू हिंसा एवं 25 सालों में हमने कया खोया



कया पाया पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया वूमेन कान्फ्रेंस के अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने की। सभा के मुख्य अतिथि एवं सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम सिंह बिष्ट, मुख्य वक्ता हाईकोर्ट के एडवोकेट नवनीश नेगी व एवं सिविल कोर्ट से कुमारी रितु ने विस्तार से समाज के प्रति महिलाओं के कर्तव्य व अधिकारों की विस्तार से चर्चा की। इस दौरान अंग वस्त्र पहनकर एंव स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। संचालन ऑल इंडिया वूमेन कान्फ्रेंस के उपाध्यक्ष सुनीता शाही जी ने किया। कार्यक्रम में उमा पढालनी, ज्योति साह, सुनीता शाही, सुजान रजवार, राहुल पांडे, हर्ष बुधलाकोटी, सुमन आर्य, शांति तिवारी, सुनीता बिष्ट, निशा बिष्ट, जया कपिल, गीता बिष्ट, प्रेमा पांडे, धनी दुम्का, रचना, दीपा पांडे, रितु, पुष्पा बिष्ट, पुष्पा पढालनी, जानकी आर्या, सीमा व भावना सहित कई लोगों उपस्थित थे।

उत्तराखंड क्रांति दल नैनीताल द्वारा नैनीताल क्लब सभागार में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था शहीदों के सपने कितने पास कितने दूर। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप सिंह चौहान द्वारा की गई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि बड़ी शहादत के बाद उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ लेकिन उत्तराखंड राज्य की पिचासी फीसदी भू भाग की पीड़ा कम नहीं हुई जन सुविधावों को लेकर आज भी जनता आंदोलित है। आज राज्य की अपनी विधान सभा है, इन पचीस वर्षो में राजधानी, मूल निवास व भू कानून व पलायन जैसे मुद्दों का हल नहीं हो सका है। राज्य में एक हास्यास्पद स्तिथि उत्पन्न हो गई है सत्तापक्ष के विधायक जनता की समस्याओं के लिए सरकार के खिलाफ ही धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य विधान सभा में स्तरहीन बहस हो रही है ये राज्य कुछ विधायक व नौकरशाहों के लिए नहीं बना बल्कि जनता के लिए बना है। सरकार की गलत नीतिओं के खिलाफ आज नौजवान आंदोलित है।कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश पांडे, प्रेम कुलियाल, रवि बोरा, मनोज सिंह बिष्ट, हेम चंद्र वारियल, मुकेश वर्मा, भुवन बिष्ट आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व बीडीसी सदस्य कोटाबाग व पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज सिंह बिष्ट सहित पचास लोगों ने दल की सदयस्ता ग्रहण की। संचालन कमलेश चन्द्र पांडे ने किया। कार्यक्रम में मदन सिंह बगड़वाल, हरीश अधिकारी, भावना नेगी, लीला बोरा, मनीष बिष्ट, सज्जन शाह, प्रकाश आर्य, इन्दर सिंह नेगी, रवि बाल्मीकि, के एन सुयाल, कमल जोशी, पूर्व उप रजिस्ट्रार हाईकोर्ट रमेश चंद्र कांडपाल, संजय साह, ध्यान सिंह, ललित रजवार, उपेंद्र सिंह, कमल कुमार, विनोद, अबीर सिंह, भूपेंद्र सिंह व आशीष आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### गलैक्सी क्लब ने जीती फुटबॉल ट्राफी

**नैनीताल।** नगर के ऐतिहासिक फ्लैट्स मैदान में शनिवार को नगर पालि. का मनोरंजन क्लब द्वारा आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गैलेक्सी क्लब व शीला माउंट के मध्य खेला गया जिसमें गैलेक्सी क्लब ने 2-1 अंकों से जीत दर्ज कर फाइनल जीत लिया। कार्यक्रम में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य तथा विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। मनोरंजन विभाग नगर पालिका के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से दो लाख रुपये देने की घोषणा की। भगवत मेर व सौरभ रावत ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान विजेता टीम को 50 हजार रुपए का नगद पुरस्कार तथा ट्राफी जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार व ट्राफी से सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा नेता रोहित आर्य, कविता गंगोला, अरविंद सिंह पडियार, आनंद सिंह बिष्ट, संतोष कुमार, सभासद गजाला कमाल व भगवत सिंह रावत व मनोज साह जगाती, आयोजक सचिव विलाल अली, रोहित भाटिया, मोहन चिलवाल, अनिल कटियार, गोपाल सिंह नेगी व हंसा बहुगुणा तथा भुवन बिष्ट आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### स्कूटी चलाते मोबाइल पर बात करना पड़ा भारी

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में स्कूटी चलते युवक को मोबाइल पर बात करना भारी पड़ गया। रोकने पर युवक के पास डीएल नहीं मिला तो पुलिस ने स्कूटी सीज कर दी। जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाने के एसआई सतीश उपाध्याय तल्लीताल से धर्मशाला के बीच गश्त कर सड़क किनारे पार्क वाहनों को हटवा रहे थे। इस दौरान तल्लीताल से धर्मशाला की ओर एक युवक स्कूटी चलाते हुए फोन पर बात करते हुए आ रहा था। पुलिस के टोकने पर भी जब युवक ने मोबाइल नहीं रखा तो स्कूटी रोक पुलिस ने युवक से डीएल दिखाने को बोला लेकिन युवक के पास डीएल नहीं मिला। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि बिना डीएल मोबाइल पर बात करते हुए स्कूटी चलाकर अपनी व राहगीरों की जान खतरे में डालने पर तल्लीताल हरिनगर निवासी आदिल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी स्कूटी यूके 04 टीबी 6396 को सीज कर दिया है।

### नो एंट्री में दो टेंपो ट्रैवलरों पर कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल में प्रतिबंधित होने के बावजूद दो टेंपो ट्रेवलर तल्लीताल पहुंच गए। पुलिस ने दोनों टेंपो ट्रेवलर चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर दोनों वाहन शहर से बाहर भेज दिए। बता दें शनिवार को तल्लीताल में 11.30 बजे पुलिस यातायात व्यवस्थित कर रहे थे। इस दौरान दो टैम्पो ट्रेवलर एचआर 38 एई 6877 व यूके 09 पीए 0466 प्रतिबंध के बाद भी तल्लीताल चौराहे पर पहुंच गए। रोकने पर जब वाहन नहीं रुके तो पुलिस ने आगे जाकर वाहन को रोक लिया। वाहन रोकने पर वाहन में सवार दिल्ली के पर्यटक पुलिस से सवाल करने लगे। जिस पर पुलिस ने पर्यटकों को टेंपो ट्रेवलर की शहर में एंट्री बंद होने की जानकारी दी। जब पर्यटक पुलिस से उलझने लगे तो पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि नो एंट्री पर टेंपो ट्रेवलर लाने पर दिल्ली निवासी हरीश शर्मा व विपिन कुमार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में सम्मान समारोह आज

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा रविवार (आज) को प्रात: 11 बजे से मुख्य न्यायाधीश कोर्ट ब्लॉक के हॉल में उत्तराखण्ड राज्य, उत्तराखंड हाईकोर्ट व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल की गौरवमयी रजत जयंती के उपलक्ष्य में अधिवक्ताओं का सममान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में राज्य निर्माण में योगदान देने वाले उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों समेत वरिष्ठ अधिवक्ताओं, एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्षों एवं सचिवों सहित 45 वर्ष या उससे अधिक समय से विधि व्यवसाय में सक्रिय रूप से कार्यरत अधिवक्ताओं को हाईकोर्ट के न्यायधीशों की उपस्थिति में सम्मानित किया जा रहा है। इस बीच हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता व सचिव वीरेंद्र सिंह रावत ने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में इस समारोह में भाग लेने की अपील की है।

### मारपीट मामले में पांच लोगों पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के चांदमारी में व्हाट्सएप पर गाली-गलौज करने और घर के बाहर बुलाकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित आदर्श कॉलोनी काठगोदाम निवासी विजय भंडारी ने काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 13 अक्टूबर की रात चांद मारी निवासी राजू गोराई ने उसे व्हाट्सएप मैसेज कर गालियां दी और अपने घर के पास बुलाया। वहां राजू अपने तीन भाइयों और साले के साथ पहले से ही मौजूद था। सभी ने मिलकर विजय पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। लात-घूसों से पीट कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। विजय का कहना है कि राजू ने व्हाट्सएप पर उसे गालियां और जान से मारने की धमकी दी। हमले के बाद आरोपी खुद को चोट पहुंचाकर विजय को उल्टा फंसाने का षड्यंत्र रच रहे थे। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सरस्वती विहार के बच्चों का अनुशासन देख गदगद हुए शत्रुघ्न राठौर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित विद्यालय पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वीरभट्टी में विद्या भारती की योजना के अनुसार जन/शिशु शिक्षा समिति के प्रांत मंत्री शत्रुघ्न राठौर का प्रवास हुआ। इससे पूर्व राठौर ने प्रात: कालीन वंदना में छात्रों तथा विद्यालय परिवार का मार्गदर्शन किया इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने उनका पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। वंदना के उपरांत श्री राठौर ने विद्यालय के शैक्षिक बलाक, विज्ञान प्रयोगशाला समेत पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर लैब व कला एवं क्रीड़ा कक्षाओं का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियों, विज्ञान मॉडल्स, हस्तनिर्मित चार्ट्स तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी परियोजनाओं को देखा और उनकी सराहना की। श्री राठौर ने शिक्षकों से पाठ्यक्रम संच. ालन, नवाचारों और विद्यार्थियों की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल



शिक्षा देने का माध्यम नहीं बल्कि संस्कार और चरित्र निर्माण का केंद्र है।

यहां के बच्चों में अनुशासन, विनम्रता और देशभक्ति का भाव देखकर हृदय प्रसन्न हुआ। इसके बाद उन्होंने वीरभट्टी स्थित शिशु मंदिर का भी भ्रमण किया। वहाँ नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों से स्नेहपूर्वक संवाद करते हुए उन्होंने शिक्षिकाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिशु शिक्षा ही वह आधार है जिस पर राष्ट्र का भविष्य निर्मित होता है। छोटे बच्चों में संस्कार और मातृभाषा के प्रति सममान का बीज इसी स्तर पर बोया जाना चाहिए। श्री राठौर जी ने कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं बल्कि भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित ऐसा शिक्षण देना है जो बालक को श्रेय पथ पर अग्रसर करे। विद्यालय को चाहिए कि वह विद्यालय से संस्कारालय बनाएं जहां प्रत्येक विद्यार्थी राष्ट्रभक्ति व आत्मविश्वास तथा सेवा और चरित्र के आदर्शों से ओतप्रोत हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने कहा श्री राठौर का यह प्रवास हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके मार्गदर्शन से विद्यालय परिवार को नयी ऊर्जा मिली है। हम सभी का प्रयास रहेगा कि विद्या भारती के आदर्शों को मूर्त रूप देकर बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार किया जाए।

## लेक्स स्कूल में धूमधाम से मनाई रजत जयंती



शाह टाइम्स संवाददाता

**भीमताल/नैनीताल।** जिले के लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल भीमताल में शनिवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष का कार्यक्रम धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इससे पूर्व प्रात: काल विद्यालय सभागार में हिन्दी शिक्षिका डा. नीता पन्त द्वारा सरस्वती वन्दना 'देणी है जाए सरस्वती माता' के माध्यम से कार्यक्रम का आरंभ किया गया। जिसके उपरान्त कक्षा 11वीं की छात्रा अर्पिता बिनवाल द्वारा उत्तराखंड के विषय में कविता के माध्यम से अपने विचार रखे गए। कक्षा 5 से 10वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा गढ़वाली गीत 'जख आदी हवा सरारारा' कंप्यूटर शिक्षिका उर्वशी पांडे द्वारा कुमांऊनी गीत उत्तराखंड मेरी मातृ भूमि' संगीत विभाग के शिक्षक अमृत कुमार तथा अजय कुमार व राजेश चन्द्रा द्वारा कुमांऊनी गीत 'म्यर होसी हुडकी बाजल धमाधम' कक्षा 6वीं के छात्र सार्थक पान्डे द्वारा कुमांऊनी भजन 'देवी मैया महाकाली' कक्षा 3 से 6वीं तक की छात्राओं द्वारा कुमांऊनी गीत स्वर्गी तारा ज्युनाली राता' पर लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया और राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत हेमन्त बिष्ट द्वारा लिखित गढ़रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी और मीना राणा द्वारा गाए गए राज्य गीत उत्तराखंड शत शत वन्दन अभिनन्दन' सभी विद्यार्थियों को सुनाया गया।

## अनियंत्रित होकर नैनीताल में भवन से टकराई कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में अनियंत्रित कार भवन से टकराने से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार घायल पर्यटकों को अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को दिल्ली से अंकित अपने परिवार के साथ घूमने के लिए नैनीताल आये हुए थे। इस दौरान वह गूगल मैप पर रास्ता देखते हुए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के पीछे की ओर वाले रास्ते पर चले गए जहां उनको आगे रास्ता बंद मिला। कार बैक कर वह वापस आने कै दौरान उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सामने भवन से जा टकराई। कार टकराने से कार में सवार पर्यटक घायल हो गए। राहगीरों ने घायल पर्यटकों को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल की चिकित्सक डा. कोमल ने बताया कि कार में अंकित उनकी पत्नी वृन्दा व उनकी बेटी अनाइका थी। तीनों चोटिल हुए हैं जबकि वृन्दा का हाथ फेक्चर हुआ है। उपचार के बाद तीनों को छुट्टी दे दी है।

## राज्य के मौजूदा हालात बेहद चिंता जनक

**कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी पिंकी पांडे ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड प्रदेश आज अपनी 25वीं वर्षगांठ के करीब है, और इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी पिंकी पांडे ने राज्य की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। पांडे ने कहा कि उत्तराखंड का युवा प्रदेश के विकास के लिए अपनी आवाज उठाने में संकोच नहीं कर रहा है, फिर भी राज्य के हर क्षेत्र स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और पलायन में समस्या बनी हुई है। पिंकी पांडे ने सवाल उठाया कि उत्तराखंड, जो एक युवा राज्य है, आज भी अपने बुनियादी मुद्दों से जूझ रहा है। उन्होंने कहा, क्या यहीं वह राज्य था जिसकी कल्पना हमारे आंदोलनकारियों ने की थी? उत्तराखंड के लिए संघर्ष करते हुए, उन्हें क्या यह उम्मीद थी कि राज्य अपने 25 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पलायन जैसे बुनियादी मुद्दों का समाधान नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों का युवा बेहतर शिक्षा के लिए हल्द्वानी, देहरादून जैसे महानगरों में आ रहा है, लेकिन शिक्षा का स्तर और बुनियादी सुविधाएं अभी भी पर्याप्त नहीं हैं। लेकिन यहां के युवा रोजगार की तलाश में बाहर जा रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को लेकर भी कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं, जो राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। उन्होंने राज्य के युवाओं से अपील की कि वे सिर्फ अपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और पलायन जैसे व्यक्तिगत मुद्दों तक ही सीमित न रहें, बल्कि उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए अपनी आवाज उठाएं। पांडे ने कहा, यह लड़ाई सिर्फ हमारे और आपके लिए नहीं है, यह हमारे आने वाले कल के लिए है। हम सभी को एकजुट होकर उत्तराखंड को एक विकसित राज्य बनाने में सहयोग करना होगा। उन्होंने राज्य में एक नशा मुक्त समाज बनाने की भी अपील की और कहा कि यदि हम सभी मिलकर काम करें तो उत्तराखंड के पहाड़ों में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

## मंच पर जीवंत हो उठी जोहरी संस्कृति

**जोहर महोत्सव का रंगारंग आगाज**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** लोक वाद्य यंत्रों की थाप, पारंपरिक परिधानों की झलक और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शनिवार से एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में तीन दिवसीय जोहार महोत्सव का आगाज हुआ। जोहार संस्कृति एवं वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित इस महोत्सव में सीमांत मुनस्यारी की जोहारी शौका संस्कृति जीवंत होकर मंच पर उतरी। जोहार सामुदायिक भवन से



ढोल, दमाऊ और नगाड़ों की गूंज के बीच शोभा यात्रा निकाली गई, जो आकर्षक झांकियों के साथ आयोजन स्थल तक पहुंची। महिलाएं और पुरुष पारंपरिक जोहारी परिधानों में सज-धज कर शामिल हुए तो पूरा माहौल लोक संस्कृति की महक से भर उठा। महोत्सव स्थल पर हिमालयी जड़ी-बूटियों, ऊनी वस्त्रों और पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने है। दिनभर विविध लोक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ होती रही, जबकि सायं कालीन सत्र में लोक कलाकारों ने अपने मधुर स्वरों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ किया। मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि जोहार महोत्सव हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से न केवल सीमांत क्षेत्रों की संस्कृति को संजीवनी मिलती है, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने जोहारी समाज की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन से यह महोत्सव हर साल अधिक भव्य रूप ले रहा है। उन्होंने नगर निगम की ओर से इस आयोजन में हरसंभव सहयोग का आ्रवासन दिया। सांस्ख्रतिक संध्या में गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को सीमांत जोहारी संस्ख्रति से रूबरू कराया। वही दक्ष कार्की और राक. ेश खनवाल ने भी खूब वाहवाही बटौरी। इसके अलावा द बंदिश बैंड और शौका कलाकारों का एकल और समूह गीत ने भी खूब तालिया बटौरी। आयोजक समिति ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य जोहारी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ना है। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पांगती, महासचिव धीरेन्द्र सिंह पांगती, नरेंद्र सिंह तोलिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डा. सुजाता का नाम वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रही डा. सुजाता संजय का नाम हाल ही में वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने 250 से अधिक स्वास्थ्य संबंधी रेडियो टॉक शो किए हैं। यह उपलब्धि उनकी समर्पित मेहनत और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के प्रयासों का परिणाम है। इससे पहले 2017 में डा. सुजाता ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी जगह बनाई थी, जब उन्होंने 187 से ज्यादा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर 5500 से अधिक महिलाओं को लाभ पहुँचाया था। डा. सुजाता का



उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना है, विशेषकर पहाड़ी और दूरदराज इलाकों में रहने वाली महिलाओं को। रेडियो के माध्यम से वे मासिक धर्म स्वच्छता, गर्भावस्था देखभाल, स्तन कैंसर जागरूकता और प्रजनन स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देती हैं। उनका मानना है कि सही समय पर सही जानकारी मिलने से महिलाओं को कई गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। डा. सुजाता के रेडियो कार्यक्रम देश के विभिन्न हिस्सों में प्रसारित होते हैं, और उनका यह प्रयास समाज में जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दे रहा है।

## फूड फेस्टिवल का हुआ आगाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर जिला पर्यटन विकास विभाग, कुमांऊ मंडल विकास निगम और नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसोशिएसन कि ओर से शनिवार को डीएसए मैदान में आयोजित दो दिवसीय फूड फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ, जिसमें नैनीताल व आसपास के 16 होटलों व रेस्टोरेंटों के साथ ही कुविवि के छात्रों व स्वयं सहायाता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व फूड फेस्टिवल का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या व विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने किया। इस फेस्टिवल में शहर के नमह रिडियेशन, नैनी रिर्टिट, स्ट्रेलिंग नैनीताल, स्वीट अफेयर अल्मोड़ा, चेली आर्गेनिक फूड, जेनयम चा भीमताल, अनुपम रेस्टोरेंट, सुमित आगेर्निक, कुमांऊ मंडल विकास



निगम, मुस्कुटिया, जीवन वर्षाकाल संगम समिति, मनोरा पहाड़ी बाउल आदि के स्टाल लगे हैं।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि इस बार दो दिवसीय फूड फेस्टिवल का अयोजन किया गया है जिसमें नैनीताल व आसपास के होटल व रेस्टोरेंट की ओर से विभिन्न प्रकार के पहाड़ी एवं देशी भोजनों के स्टाल लगाए गए हैं। इस दौरान नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगविजय सिंह बिष्ट, सचिव वेद साह समेत रुचिर साह, प्रदीप जेठी, मनोज जोशी, दया किशन पोखरिया, मोहित साह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। फूड फेस्टिवल में जिला सूचना विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अयोजन किया गया जिससे माध्यम से फेस्टिवल में कुमाउनी संस्कृति की झलक देखी गई। फेस्टिवल में शहर के छह सांस्कृतिक दलों ने कुमाउनी नृत्य से फेस्टिवल में आने सभी लोगों पर्यटकों और अतिथियों का मन मोहा।

## जीवंत हुई उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आम्रपाली विश्वविद्यालय में शनिवार को विविध सांस्कृतिक एवं प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग और सोशल मीडिया क्लब के सहयोग से क्विज, भाषण, पेंटिंग, रंगोली, ऐपण, खानपान, पारंपरिक वेशभूषा और समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने राज्य से जुड़े सवालों के जवाब दिए, जबकि द्वितीय चरण में उन्होंने राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीसरे चरण में पेंटिंग, रंगोली और ऐपण प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। खानपान प्रतियोगिता में पारंपरिक उत्तराखंडी व्यंजन जैसे गहत की टिक्की, भट्ट की चुड़कानी, मडुवे की रोटी और झिंगोरे की खीर ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में छात्रों ने राज्य की विविध पोशाकों में प्रस्तुति दी, जबकि समूह नृत्य प्रतियोगिता में राज्य के पारंपरिक नृत्यों की झलक पेश की गई। विजेताओं में तकनीकी एवं कंप्यूटर विभाग के



भावेश, स्वाति और योगेश ने क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं भाषण प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग के राकेश जोशी ने बाजी मारी। पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग की किरण, पल्लवी और प्रियांशी ने पहला स्थान हासिल किया। होटल प्रबंधन विभाग के राहुल खानपान प्रतियोगिता के विजेता रहे, जबकि पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग की प्रतिभा नयाल और समूह नृत्य प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग की टीम ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डक्क नरेंद्र सिंह बिष्ट, कुलपति, ने राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनोज कुमार पाण्डेय सहित ब्विवविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

# भारत ने 2-1 से जीती सीरीज



## अभिषेक शर्मा बने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'

**ब्रिसबेन, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और अंतिम टी-20 मुकाबला शनिवार को भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, जिससे भारत ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। सीरीज में 163 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजा गया। मैच रद्द किए जाने क समय तक भारत ने 4.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 52 रन बनाए थे। अभिषेक शर्मा (23) और शुभमन गिल (29) रन पर नाबाद थे। बारिश और बिजली के खलल के कारण मैच को अंततः रद्द करना पड़ा। खराब मौसम के कारण मैच शुरू होने के 21 मिनट बाद ही खेल रोक दिया गया था। भारत ने इस तरह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में अपना अपराजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया 2022 से लगातार चौथी टी-20 सीरीज हारा है। जिनमें से तीन भारत और एक इंग्लैंड के खिलाफ है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारत ने तेजतर्रार शुरुआत की और 4.5 ओवर में 52 ठोक डाले। अभिषेक ने 13 गेंदों पर नाबाद 23 रन एक चौका और एक छक्का लगाया जबकि गिल ने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन में छह चौके लगाये। गिल ने बेन ड्वारश्विस के पारी के तीसरे ओवर में चार चौके मारे। अभिषेक ने हमेशा की तरह आक्रामक शुरुआत की, इस दौरान किस्मत भी उनके साथ थी, पहले ओवर में ग्लेन मैक्सवेल ने मिड-ऑफ पर उनका एक आसान कैच छोड़ दिया और चौथे ओवर में ड्वारशुइस ने एक टॉप एज छोड़ दिया। बेहतरीन फॉर्म में न होने के बावजूद, उन्होंने नेथन की गेंद पर एक छक्का मारा और अपनी पारी के दौरान पूर्णकालिक सदस्य देशों में वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।




## जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को: सूर्या

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 2-1 से जीतने का श्रेय अपने खिलाड़ियों को दिया है। सूर्यकुमार ने शनिवार को पांचवां टी-20 बारिश के कारण रद्द होने के बाद कहा कि जिस तरह से सभी ने योगदान दिया और जिस तरह से हमने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी की, उसका श्रेय सभी खिलाड़ियों को जाता है। बल्ले, गेंद और मैदान में भी यह एक अच्छी सीरीज थी।

तेज गेंदबाज और स्पिनर, दोनों ही अपना काम बखूबी जानते हैं। उन्होंने कहा कि 'बुमराह-अर्शदीप एक घातक जोड़ी है। और फिर अक्षर, वरुण आ रहे हैं और वो कर रहे हैं जो वो सबसे अच्छा करते हैं। और वाशी पिछले मैच में काम आए। उन्होंने अब काफी टी-20 क्रिकेट खेल लिया है, वो काफी कुछ लेकर आ रहे हैं और खुद का समर्थन कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि कई खिलाड़ी वाकई अच्छा कर रहे हैं। तीन मजबूत टीमों -ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड - के साथ खेलना विश्व कप से पहले एक बेहतरीन तैयारी होगी। मैंने हाल ही में देखा कि महिला टीम ने भारत में विश्व कप जीता, दर्शकों का अविश्वसनीय समर्थन मिला। यह एक अच्छी चुनौती होगी, रोमांचक टूर्नामेंट होगा, लेकिन अभी बहुत दूर है। दो और सीरीज बाकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## ईसीबी ने काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंद का प्रयोग समाप्त किया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने काउंटी निदेशकों और पेशेवर खेल समिति से मिली प्रतिक्रिया के बाद, 2026 सीजन से काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंदों के इस्तेमाल को समाप्त करने का फैसला किया है। काउंटी क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए तीन साल पहले शुरू किया गया यह परीक्षण, अधिकांश मैचों में बिना किसी घटना के होने के कारण असफल माना गया है। इस सीजन में सरे और डरहम के बीच ओवल में खेला गया मैच, जहां मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 820 रन बनाकर पारी घोषित की, इसका एक उदाहरण है।

## ट्राइडेंट ओपन में भाग लेंगे शीर्ष गोल्फर

**चंडीगढ़, वार्ता।** ट्राइडेंट ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक स्वीकृति संस्था है, ने आज संयुक्त रूप से ट्राइडेंट ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की, जो 11 से 14 नवम्बर, 2025 तक प्रतिष्ठित चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपए है। इस टूर्नामेंट से पहले 8 नवम्बर को एम-एम इवेंट और 9 नवम्बर को प्रो-एम इवेंट होगा। इस टूर्नामेंट को टाइटल प्रायोजक ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा समर्थित किया जा रहा है। ट्राइडेंट ग्रुप एक भारतीय व्यावसायिक समूह और वैश्विक खिलाड़ी है, जिसका नेतृत्व गतिशील राजिदर गुप्ता, संसद सदस्य और अध्यक्ष करते हैं। लुधियाना, पंजाब में मुख्यालय वाला ट्राइडेंट भारत और विदेशों में घरेलू वस्त्र उद्योग के सबसे बड़े खिलाड़ियों में से एक है।

## महिला वनडे विश्व कप 2029 को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर आईसीसी सहमत

**दुबई, वार्ता।** हाल ही में समाप्त हुए महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए आईसीसी बोर्ड ने महिला विश्व कप के अगले संस्करण (2029) को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर सहमति जताई है।

आईसीसी ने 2021 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खेल के विस्तार की घोषणा की थी और हाल ही में जारी विज्ञप्ति में 2025 के संस्करण की सफलता के बाद आईसीसी की महिला क्रिकेट के विकास के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई है। 2000 से ही महिला वनडे विश्व कप के मुख्य टूर्नामेंट में आठ टीमों ने ही हिस्सा लिया है। हालिया विश्व कप में जहां 31 मैच खेले गए थे तो वहीं 2029 के संस्करण में 10 टीमों वाले टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले जाएंगे। महिला टी-20 विश्व कप में भी अब 12 टीमें हिस्सा लेंगी जबकि पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि लगभग 3 लाख प्रशंसकों ने मैदान में इस आयोजन को देखा जिसने महिला क्रिकेट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस टूर्नामेंट में ऑनलाइन दर्शकों में भी बढ़ोतरी हुई और दुनिया भर में ऑन स्क्रीन दर्शकों के रिकॉर्ड बने, भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शक थे। आईसीसी बोर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट समिति के सदस्यों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी, जिनमें ऐश्ली डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, चार्लोट एड्वर्ड्स और सला स्टेला सियाले-वेया शामिल हैं। एलए 2028 और ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक में क्रिकेट बोर्ड ने यह भी बताया कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 28 मैच खेले जाएंगे। प्रत्एक वर्ग में छह टीमें होंगी,इनमें अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें शामिल होंगी, साथ ही मेजबान अमेरिका भी खेलेगा। छठी टीम क्वालिफायर के जरिए तय होगी, जिसके बारे में अभी विवरण जारी नहीं किया गया है।

## भारत को जल्द मिलेगी एशिया कप टॉफी




● बीसीसीआई और एसीसी अध्यक्ष व पीसीबी के चेयरमैन के बीच विवाद सुलझा

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम को जल्द ही उसकी ट्रॉफी मिलने की संभावना है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मो. हसिन नकवी के बीच विवाद सुलझ गया है। इसकी जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का संकल्प लिया है। सैकिया ने आगे कहा कि आईसीसी बैठक से इतर नकवी के साथ अच्छी बातचीत हुई, दोनों पक्ष जल्द से जल्द इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई न कोई रास्ता निकालेंगे।श उन्होंने बताया, श्बातचीत खत्म हो गई है, अब विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जाएगा। सैकिया ने कहा कि मैं आईसीसी की अनौपचारिक और औपचारिक दोनों बैठकों का हिस्सा था। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी मौजूद थे। औपचारिक बैठक के दौरान यह एजेंडा में नहीं था, लेकिन आईसीसी ने एक वरिष्ठ आईसीसी पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में मेरी और पीसीबी प्रमुख के बीच अलग से बैठक कराई। बातचीत की प्रक्रिया शुरू करना वाकई अच्छा रहा। दोनों पक्षों ने आईसीसी बोर्ड बैठक के दौरान हुई बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से भाग लिया। सैकिया ने बताया कि जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। विवाद की शुरुआत एशिया कप 2025 के फाइनल के बाद हुई, जब पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने विजेता भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को ट्रॉफी देने की कोशिश की। लेकिन सूर्यकुमार ने ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुता. बिक, सूर्यकुमार ने नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की क्योंकि नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत में आतंकवाद को समर्थन देने में उनकी भूमिका को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इस पर नकवी ने कहा कि एसीसी के अध्यक्ष होने के नाते ट्रॉफी देने का अधिकार केवल उन्हीं को है। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने ट्रॉफी लिए बिना ही मजाकिया अंदाज में काल्पनिक ट्रॉफी उठाकर अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यकुमार ने असली ट्रॉफी लेने से मना कर दिया और अपने साथियों के साथ नकली ट्रॉफी पकड़कर

## द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चोट लगने के बाद पंत हुए रिटायर हर्ट

● बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच में पंत को शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी

**बेंगलुरू, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। यहां बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा। पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुन्ले सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए और उनके पहले तीन शॉट्स 4, 4 और 6 रन थे। लेकिन शॉर्ट गेंदों पर उनके शरीर पर लगे प्रहारों से उन्हें दर्द महसूस होने लगा। पंत आगे बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन भारत ए के कोच हृषिकेश कानितकर और फिजियो ने एहतियातन उन्हें रिटायर हर्ट होने को कहा। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसे देखते हुए उन्हें एहतियातन मैदान से वापस बुलाया गया है। पहली चोट उन्हें तब लगी, जब उन्होंने मोरेकी की शॉर्ट गेंद पर रिवर्स पिकअप शॉट खेलने का प्रयास किया।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार खेली पिता-पुत्र की जोड़ी

● सुहैल सत्तार 20 वर्ष और यहया सुहैल 17 वर्ष ने बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की




**नई दिल्ली, वार्ता।** टिमॉर-लेस्ट के सुहैल सत्तार (50 वर्ष) और यहया सुहैल (17 वर्ष) अंतर्राष्ट्रीय मैच में एक साथ खेलने वाले पहले पिता-पुत्र की जोड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह अनोखी उपलब्धि टिमॉर-लेस्टे के पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में हासिल की, जब उन्होंने 6 नवम्बर को बाली में मेजबान इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की। हालांकि यहया और सत्तार पहले पैरेंट (माता-पिता) और बच्चे की जोड़ी नहीं हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मैच में साथ खेला हो। स्विट्जरलैंड की महिला टीम की मेटी फर्नांडिस और उनकी बेटी नैना मेटी साजू ने इस साल छह टी-20 एक साथ खेले थे। घरेलू क्रिकेट में पिता-पुत्र की कई जोड़ियां साथ या एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुकी हैं। शिवनारायण चंद्रपॉल और उनके बेटे तेजनारायण ने गयाना के लिए 11 प्रथम श्रेणी मैच साथ खेले थे। इनमें से एक मैच में शिवनारायण ने अपने बेटे की कप्तानी भी की थी, जो विडवर्ड आइलैंड्स के खलिाफ प्रोविडेंस स्टेडियम में मार्च 2014 में हुआ था। हाल ही में 2025 के स्पगीजा क्रिकेट लीग फाइनल में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने अपने बेटे हसन ईसाखिल के खलिाफ खेला था। हालांकि टिमॉर-लेस्ट की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट यात्रा की शुरुआत कठिन रही और उन्होंने अपने शुरुआती तीनों मैच दस विकेट से गंवाए हैं।

## असम राइफल्स हाफ मैराथन पांचवां संस्करण 14 दिसम्बर को शिलांग में होगा


● यह मैराथन पहली बार 2021 में आयोजित की गई थी

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम राइफल्स हाफ मैराथन का बहुप्रतीक्षित पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को मेघालय के शिलांग में आयोजित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोजकों ने शनिवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

भारत के सबसे पुराने अर्द्धसैनिक बलों में से एक, असम राइफल्स, जिसकी स्थापना 1835 में हुई थी और जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत है, द्वारा यह मैराथन पहली बार 2021 आयोजित की गई थी। यह मैराथन फिटनेस, सौहार्द और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। पांचवें संस्करण में 12 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 3000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग दूरियों - 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी - में भाग लेंगे। धावक न केवल ऊपरी शिलांग के सबसे मनोरम मार्ग पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि 20 लाख रुपए की भारी-भरकम पुरस्कार राशि के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। आयोजकों ने इस वर्ष की असम राइफल्स हाफ मैराथन के लिए फिनिशर मेडल, ग्रे और मैरून रंग की जर्सी और रूट का भी अनावरण किया।

इस अवसर पर असम राइफल्स मुख्यालय के अधिक. ारी प्रतिनिधि कर्नल नवजोत सिह (एसएम) ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि असम राइफल्स हाफ मैराथन का पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को ऊपरी शिलांग में आयोजित किया जाएगा।

## अर्जुन एरिगैसी-पी. हरिकृष्ण ने दर्ज की शानदार जी




● डी गुकेश और प्रज्ञानंदा ने खेला ड्रॉ

**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे राउंड के पहले मैच में शुक्रवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और पी हरिकृष्णा ने सफेद मो. हरों से बेहतरीन खेल दिखाते हुए शानदार जीत दर्ज की जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी ने काले मोहरों से ड्रॉ खेला। इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन ने उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को 30 चालों में हराया, जबकि हरिकृष्णा ने एक बार फिर अपनी तैयारी पर नियंत्रण दिखाते हुए बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्जा को 25 चालों में हराकर चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस ट्रॉफी का नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। अर्जुन और हरिकृष्णा ने एक बार फिर दिखा दिया कि वे खिताब जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक क्यों हैं। पहले दौर में बाई मिलने के बाद दूसरे दौर में अपने दोनों मैच जीतने वाले अर्जुन ने वोखिदोव के खिलाफ बिल्कुल भी परेशानी में नहीं दिखे और उन्होंने अपनी चाल पर 10 मिनट से जडादा समय तक सिर्फ तभी विचार किया जब वह जीत के कगार पर थे और इसे जल्दी से खत्म करने और प्रतियोगिता में तीन गेम में तीन जीत दर्ज करने के तरीके खोज रहे थे। कुछ मिनट पहले, हरिकृष्णा तीसरे दौर में जीत दर्ज करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। इस वर्षीय खिलाड़ी ने सिसिलियन क्लासिकल वेरिएशन में अपने प्रतिद्वंद्वी को चौंका दिया और उसे बहुत जल्दी हार मानने पर मजबूर कर दिया। हरिकृष्णा ने मैच के बाद कहा कि मैंने कुछ नया तैयार किया था। बेशक इससे मुझे मदद मिली, लेकिन मैं इस वेरिएशन में सभी चालें याद नहीं रख पाया। लेकिन कुछ अच्छी चालें चलीं और कुछ चालें मेरे प्रतिद्वंद्वी से छूट गईं।

## सबालेंका-रयबकिना में होगी खिताबी भिड़ंत



● आर्यना सबालेंक ने अमेरिका की अमांडा को तीन सेटों में हराया

**रियाद, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को अमेरिका की अमांडा अनिसिमा. ेवा को तीन सेटों में हराकर 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स के फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना से होगा। सबालेंका और अनिसिमोवा इससे पहले 10 बार आमने-सामने हुई थीं, जिसमें अनिसिमोवा ने 6-4 से बढ़त बनाई थी।

उनका सबसे हालिया मुक. ाबला इस साल के यूएस ओपन फाइनल में हुआ था, जहां सबा. लेंका ने सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। मैच की शुरुआत तनावपूर्ण रही, दोनों खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती सर्विस गेम जीतने से पहले कई बार ड्यूस का सामना किया। सबालेंका ने पांचवें गेम में पहला ब्रेक हासिल किया। 5-3 से पिछड़ने के बाद, अनिसिमोवा ने दो डबल फॉल्ट किए, जिससे सबालेंका ने फिर से सर्विस ब्रेक की और पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में, अनिसिमोवा ने तेजी से वापसी की और सबा. लेंका की सर्विस दो बार तोड़कर 4-0 की बढ़त बना ली।

हालांकि बेलारूसी खिलाड़ी ने सेट के लिए सर्विस करते समय वापसी की, लेकिन अनि. सिमोवा ने तुरंत एक और ब्रेक लगाकर दूसरा सेट 6-3 से जीत लिया। निर्णायक सेट में, दोनों खिलाड़ियों ने पहले छह गेम तक सर्विस बरकरार रखी। सबालेंका ने सातवें गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक लिया और फिर आठवें गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया। 5-3 से आगे होने के बाद, उन्होंने फिर से सर्विस ब्रेक की और 6-3 से जीत हासिल की। सबालेंका ने बाद में कहा कि सच कहूं तो, मुझे इस बात की कोई परवाह नहीं होती अगर मैं यह मैच हार जाती, क्योंकि मुझे लगता है कि हमने एक बेहतरीन मैच खेला और हम दोनों ही फाइनल में इस जगह के हकदार हैं। यह एक अविश्वसनीय मुकाबला था और मैं जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।

## टोक्यो में डेफलिपिक खेलों के लिए भारत ने रिकॉर्ड 111 सदस्यीय दल की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने 15 नवम्बर से 26 दिसंबर तक जापान के टोक्यो में होने वाले आगामी डेफलिपिक खेलों के लिए 111 सदस्ईय दल की घोषणा की है। इस दल में 73 एथलीट और 38 कोच शामिल हैं। यह डेफलिपिक खेलों में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने सरकार की लागत के आधार पर इस दल को मंजूरी दी है।

भारत 11 खेलों - एथलेटिक्स, बैडमिटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस - में भाग लेगा। डेफलिपिक खेलों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बधिर खेल समिति (आईसीएसडी) द्वारा किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, आईसीएसडी अगस्त 1924 से स्वतंत्रा रूप से कार्य कर रहा है।

आईसीएसडी अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति से संब( नहीं है। आईओसी के संरक्षण में आयोजित होने वाले डेफलिम्पिक्स, दुनिया के दूसरे सबसे पुराने अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजन हैं। आईसीएसडी के सदस्यों में अब 117 विभिन्न देशों के संबद्ध राष्ट्रीय खेल संगठन शामिल हैं।

# सभी प्रदेशवासियों को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






समस्त प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रईस वारसी 'गुड्डू'

पार्षद वार्ड-59, नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

संस्कृत विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ उत्तराखण्ड की ओर से राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



समस्त प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती विद्या देवी पार्षद वार्ड न 37 भाजपा

हृदयेश कुमार पार्षद प्रतिनिधि वार्ड न 37 भाजपा कार्यकर्ता



समस्त प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रुद्राक्ष सिंह बिष्ट

नारायणी सेना एवं युवा नेता हल्द्वानी (नैनीताल)


## कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

e-mail: dfopithoragarh @rediffmail.com दूरभाष / फैक्स नं0–☎ (05964) 225234

पत्रांक : 2483 / 4–6 पिथौरागढ़ | दिनांक : 07 नवम्बर 2025

### "उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस (9 नवम्बर) के अवसर पर आमजन हेतु बधाई संदेश"

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस (9 नवम्बर) के शुभ अवसर पर पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं देता है।

### उत्तराखंड सरकार की प्रमुख योजनाएँ एवं उपलब्धियाँ

- **हरित उत्तराखंड मिशन**:–वनों के संरक्षण, वृक्षारोपण और पर्यावरण संतुलन हेतु जनभागीदारी को बढ़ावा।
- **मुख्यमंत्री हरित आजीविका योजना**:–स्थानीय समुदायों को वन आधारित आजीविका से जोड़ने की पहल।
- **जैव विविधता संरक्षण कार्यक्रम**:–दुर्लभ वन्यजीवों एवं पौध प्रजातियों के संरक्षण के लिए ठोस कदम।
- **ईको–टूरिज्म विकास योजना**:–पिथौरागढ़ सहित राज्य के प्राकृतिक स्थलों में सतत् पर्यटन को बढ़ावा।
- **वनाधिकार एवं ग्राम वन समितियाँ**:–ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाकर वनों के संरक्षण में उनकी भूमिका सुनिश्चित।
- **नमामि गंगे एवं नदियों का पुनर्जीवन**:–स्वच्छ जल स्रोतों और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए कार्यरत।

वन्यजीव आपकी संपदा है, इसको बचाने हेतु हमेशा एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाऐं। जीव जन्तुओं से प्रेम करें उन्हें किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचाऐं। वन संपदा को अपनी भावी पीढ़ी के लिए बचा कर रखें। वनों को आग से बचाएं तथा वनाग्नि की रोकथाम हेतु वन विभाग को सहयोग प्रदान करें।

अतः **"उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस"** के इस शुभ अवसर पर यह संकल्प लें कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमेशा जंगल एवं वन्य जीवों की रक्षा करेंगे।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।


उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

धीरज जोशी
अधिशासी अभियंता
सहायक अभियंता
सिंचाई खंड पिथौरागढ़

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजदेव जायसी
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम पिथौरागढ़

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एन वी पांडे
मानचित्रकार
नगर निगम पिथौरागढ़

अवस्थी
सहायक अभियंता
नगर निगम पिथौरागढ़

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कीर्ति आर्य
जिला पर्यटन विकास अधिकारी
पिथौरागढ़




## उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) कमरा नं0 65-66, विकास भवन, रोशनाबाद, हरिद्वार

पत्रांकः 461/उरेडा/हरिद्वार/प्रकाशन/2025-26 | दिनांकः 07 नवंबर 2025

उत्तराखण्ड राज्य स्थापन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर **उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस (रजत जयंती)** पर समस्त जनपदवासियों को उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा), हरिद्वार की ओर हार्दिक शुभकामनाऐं।

वरिष्ठ परियोजना अधिकारी
उरेडा, हरिद्वार




सभी प्रदेशवासियों को उत्तराखंड स्थापना दिवस (रजत जयंती) की हार्दिक शुभकामनाएं

Akum

Akums Drugs & Pharmaceuticals Limited.

Sidcul Haridwar






**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

## संदेश

प्रिय प्रदेशवासियों,

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं उन सभी अमर शहीदों और राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ, जिन्होंने अपने संघर्ष, त्याग और बलिदान से उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। मैं सैन्य बलों, अर्द्ध सैन्य बलों तथा सेवानिवृत्त सैनिकों का भी हृदय से वंदन करता हूँ, जिन्होंने अपने पराक्रम और समर्पण से देवभूमि की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाइयां प्रदान की हैं।

25 वर्षों की यह विकास यात्रा हमारे सामूहिक प्रयासों, अनुशासन, समर्पण और सेवा का प्रतीक है। उत्तराखण्ड ने इस अवधि में समग्र विकास के मानकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के एसडीजी इंडेक्स में उत्तराखण्ड का प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे राज्य की सतत प्रगति और सुशासन की भावना का प्रमाण है।

उत्तराखण्ड आज बुनियादी ढाँचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण जैसे अनेक क्षेत्रों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन चुका है। ग्रामीण विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यह सब हमारे परिश्रमी नागरिकों, प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों और शासन-प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

उत्तराखण्ड ऐसा राज्य है जहां संस्कृति और आधुनिकता का अनोखा संगम है, जहां जड़ें हिमालय से जुड़ी हैं और प्रभाव पूरे विश्व पर है। कौशल विकास और नवाचार के माध्यम से उत्तराखण्ड नई ऊँचाइयों को छू सकता है। हमें लक्ष्य बनाना होगा कि उत्तराखण्ड एक ऐसा राज्य बने जहां गांव का बच्चा भी साइंस, टेक्नोलॉजी और रिसर्च की भाषा समझे और अपनी संस्कृति और जीवन में आत्मसात करे।

इस रजत जयंती पर हम सभी एक नया संकल्प लें, ऐसा उत्तराखण्ड बनाने का जो नशा मुक्त, शिक्षित, आत्मनिर्भर और पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त हो। हमारे युवाओं को विभिन्न सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर, उन्हें सेवा, संस्कार और सृजनशीलता के मार्ग पर अग्रसर करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। अभिभावकों, शिक्षकों, समाजसेवियों और धार्मिक संस्थानों को इस दिशा में एकजुट होकर कार्य करना होगा, ताकि हमारी नई पीढ़ी एक स्वस्थ, सुरक्षित और प्रेरणादायक समाज में आगे बढ़ सके।

आइए, इस रजत काल में हम सभी मिलकर उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लें और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कथन के अनुरूप 21वीं सदी के इस तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाएं। अपने सपनों को संकल्प में, और अपने संकल्पों को सिद्धि में परिवर्तित करें, ताकि देवभूमि उत्तराखण्ड निरंतर नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर रहे।

एक बार पुनः, उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जय हिन्द! जय उत्तराखण्ड!

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने रूस से तेल-गैस खरीदने पर हंगरी को दी प्रतिबंधों से छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका रूस से तेल और गैस खरीदने को लेकर हंगरी पर एक साल तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा। बीबीसी ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हंगरी को रूसी तेल और गैस की खरीद को लेकर एक साल के लिए प्रतिबंधों से छूट दे दी है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को छूट देने के मुद्दे पर विचार करेंगे। ओर्बन को ट्रम्प का करीबी माना जाता है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हंगरी ने रूस के साथ भी अच्छे संबंध विकसित किए हैं।

### अफगान में हर पांच में से एक बच्चा कठिन श्रम को मजबूर है: यूनिसेफ

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कहा है कि अफगान में हर पांच में से एक बच्चा बाल श्रम में लगा हुआ है। अफगान में यूनिसेफ के प्रवक्ता ओमिदुर्रहमान फजल ने बच्चों की सुरक्षा के लिए यूनिसेफ की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि चाहे जो भी कारण हो यूनिसेफ बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, यूनिसेफ इस समस्या के लिए परिवार-आधारित समाधानों पर ज़ोर देता है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज के अनुसार कुछ कामकाजी बच्चों ने अफगान के इस्लामी अमीरात सरकार से से शिक्षा के अवसर और बेहतर जीवन-यापन की स्थिति प्रदान करने की मांग की है।

### तुर्की की कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी कोकेली प्रांत में शनिवार को एक कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गवर्नर इल्हामी अक्तास के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार दिलोवासी जिले में स्थित इस कारखाने में आग लगी और आपातकालीन कॉल के बाद आग बुझाने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों और उपकरणों के समूहों को भेजा गया। अक्तास ने बताया कि आग पर अंतत: काबू पा लिया गया।

### म्यांमार में मलेरिया के 126000 से अधिक मामले मिले

**यांगून।** म्यांमार में जनवरी से अगस्त 2025 के बीच मलेरिया के कुल 126562 मामलों की पहचान हुई और उनका इलाज किया गया। सरकारी रेडियो और टेलीविजन ने शनिवार को बताया कि देश 2030 तक मलेरिया के संक्रमण को खत्म करने का प्रयास कर रहा है और पिछले एक दशक में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मलेरिया के मामलों में यह कमी उपचार और शिक्षा कार्यक्रमों को निरंतर चलाने के कारण संभव हुई है।

# अफगान-पाक शांति वार्ता फिर विफल

## दोनों देशों के बीच सीमा पर आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तीसरे दौर की शांति वार्ता बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे। पाकिस्तान की ओर से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बताया कि वार्ता में कोई लिखित समझौता नहीं हो सका और अब चौथे दौर की कोई योजना भी नहीं है।


दो दिन तक चली ये वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। पाकिस्तान ने अफगान तालि. बान से यह मांग की थी कि वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करें जो अफगान धरती से पाकिस्तान पर हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा वार्ता पूरी तरह गतिरोध में है। अफगान पक्ष सिर्फ मौखिक भरोसा देना चाहता था, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं किए जा सकते। उन्होंने तुर्की और कतर के ईमानदार प्रयासों के



■ अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाक जवाब देगा

लिए धन्यवाद दिया, जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता कर रहे थे। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान का रुख स्पष्ट है हमारी केवल एक मांग है कि अफगानिस्तान यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में न हो। आसिफ ने यह भी कहा कि अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाकिस्तान जवाब देगा।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तारार ने शनिवार सुबह एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा अब जिम्मेदारी अफगान तालिबान की है कि वे आतंकवाद पर नियंत्रण को लेकर अपने अंतर्राष्ट्रीय और द्विपक्षीय वादों को पूरा करें, जिनमें वे अब तक असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अफगान जनता से कोई वैर नहीं है, लेकिन वह किसी भी ऐसी नीति का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान लोगों या पड़ोसी देशों के हितों के खिलाफ हो। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पहली वार्ता 29 अक्टूबर को दोहा (कतर) में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 25 अक्टूबर को इस्तांबुल (तुर्की) में आयोजित हुई। दोनों ही वार्ताएं किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचीं। अब तीसरा दौर भी बेनतीजा रहा है। इससे पहले 11 से 15 अक्तूबर के बीच दोनों देशों की सीमा पर सशस्त्र झड़पें हुई थीं, जिनमें दोनों ओर जनहानि हुई थी। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को कतर की राजधानी दोहा में सीजफायर पर सहमति जताई थी, लेकिन शर्तों को अंतिम रूप देने में मतभेद बने रहे।



नई दिल्ली। आनंद विहार में धुंध भरी सुबह के बीच यात्री।

## 'फादर ऑफ डीएनए' प्रसिद्ध नोबेल विजेता जेम्स वाटसन का निधन

**वाशिंगटन।** नोबेल विजेता और दुनियाभर के प्रसि) वैज्ञानिक जेम्स डी वाटसन का 97 साल की उम्र में निधन हो गया। वे 1953 में डीएनए की ट्विस्टेड-लैडर संरचना (डबल हेलिक्स) की खोज के लिए जाने जाते हैं, जिससे चिकित्सा, अपराध जांच, जीनोलाजी और नैतिकता के क्षेत्र में क्रांति आई। वाटसन ने फ्रांसिस क्रिक और मारिस विल्किन्स के साथ 1962 में नोबेल पुरस्कार साझा किया। उनकी खोज से यह पता चला कि डीएनए कैसे वंशानुगत जानकारी रखता है और कोशिकाएं विभाजन के दौरान इसे कैसे कापी करती हैं। डबल हेलिक्स ने विज्ञान और समाज में गहरा प्रभाव डाला और अब यह संरचना विज्ञान का प्रतीक बन गई है। हालांकि, जीवन के अंतिम वर्षों में वाटसन विवादित बयान देने के लिए आलोचना और पेशेवर निंदा का सामना कर चुके। उन्होंने अश्वेत लोगों की बुद्धिमत्ता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# तुर्की की अदालत से नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट जारी

## गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर इजरायली पीएम के अलावा 37 अन्य लोगों के नाम भी आरोपियों में शामिल

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** तुर्की के इस्तांबुल मुख्य अभियोजक कार्यालय ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 37 लोगों के खिलाफ जनसंहार के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन आरोपों का संबंध गाजा में चल रहे युद्ध से है, जिसे इजरायल ने अक्टूबर 2023 में हमास के हमलों के बाद शुरू किया था।

इस्तांबुल अभियोजन कार्यालय के बयान के मुताबिक, जिन लोगों पर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है, उनमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज, आईडीएफ के चीफ आफ स्टॉफ एयाल जमीर, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-गवीर के शामिल हैं। तुर्की के अभियोजकों ने दावा किया है कि इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है, और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है। उन्होंने 17 अक्टूबर 2023 की अल-अहली बैपटिस्ट हास्पिटल की घटना को भी अपने आरोपों का हिस्सा बनाया है। हालांकि, इजरायल और अमे. रिका की खुफिया एजेंसियों ने बाद में यह निष्कर्ष निकाला था कि यह विस्फोट हमास के राकेट की विफल लान्चिंग से हुआ था, न कि इजरायल के हमले से। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन लंबे



■ इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत, 170685 लोग घायल

■ इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है

समय से हमास के समर्थक माने जाते हैं। इसी के साथ, तुर्की की न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं।

अतीत में तुर्की के कई पत्रकारों और विपक्षी नेताओं, जैसे कि एकरेम इमामओग्लू (जो इस्तांबुल के मेयर और एर्दोआन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं) के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके हैं। बता दें कि 1915 से 1923 के बीच तुर्की पर अपने ही देश में 15 लाख आर्मेनियाई लोगों के जनसंहार का आरोप है। इस अवधि में लाखों आर्मेनियाई मारे गए या भुखमरी से मर गए, जबकि लगभग पांच लाख लोग रूस की ओर पलायन कर गए। अमेरिका, कनाडा, रूस और यूरोपीय संघ के अधिकांश देश इस आर्मेनियाई जनसंहार को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हैं। हालांकि, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और इजरायल जैसे देश अब तक इसे औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देते, क्योंकि तुर्की के साथ उनके राजनयिक संबंध प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन अगस्त 2025 में नेतन्याहू ने व्यक्तिगत रूप से इस जनसंहार को स्वीकार किया था, हालांकि इसे इजरायल की आधिकारिक मान्यता नहीं माना गय वहीं इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वासथ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मौत का आंकड़ा बढ़कर 69169 हो गया है और 170685 लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों को बाद युद्ध शुरू हुआ था। मरने वालों के आंकड़ों में हाल ही में इस वृद्धि हुई है, क्योंकि तबाही वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य के दौरान मलबे के नीचे से शव मिले और उनमें से कुछ शवों की पहचान की गई। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब इजरायल ने शनिवार को गाजा को 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए। इससे पहले हमास के लड़ाकों ने अस्थाई युद्ध विराम समझौते के तहत एक बंधक का शव इजरायल को लौटाया था। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इस अस्थिर संघर्ष विराम की दिशा में शवों की अदला-बदली को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस समझौते के मुताबिक, इजरायल ने हर एक इजरायली बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाए। खान यूनिस के नासेर अस्पताल ने बताया कि वहां 15 शवों को लाया गया है। शव वापसी उस समय हुई, जब इजरायल ने शुक्रवार रात लौटाए गए शव की पुष्टि की, जो हमास के सात अक्टूबर 2023 के हमले में लड़ते हुए मारे गए एक इजरायली पुरुष का था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, बंधक की पहचान लियोर रुडाफ के रूप में हुई।

## तुर्की के राष्ट्रपति बाकू में अजरबैजानी और पाकिस्तानी नेताओं से बातचीत करेंगे



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति आर.टी. एर्दोगन बाकू में सैन्य परेड में शामिल होंगे और अजरबैजान के राष्ट्रपति तथा पाकिस्तान के प्रानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। तुर्की के राष्ट्रपति के कार्यालय ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। एर्दोगन के संचार प्रमुख बी. दुरान ने कहा कि राष्ट्रपति 8 नवम्बर को बाकू में विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए अजरबैजान का दौरा करेंगे। एर्दोगन इस यात्रा के दौरा अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाक. ात करेंगे, जो समारोह में शामिल होने के लिए बाकू पहुंचेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

## अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण 1000 से अधिक उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण शुक्रवार को 1000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया। अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक 4309 उड़ानें लेट थीं और 1002 को रद्द किया गया। यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा बुधवार को एक घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार शुक्रवार से 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी। एफएए द्वारा निर्धारित उड़ान निरस्त योजना के अनुसार, शुक्रवार को उड़ानों में चार प्रतिशत की कमी करने की तैयारी थी। अगले मंगलवार तक यह छह प्रतिशत, गुरुवार तक आठ प्रतिशत और शुक्रवार तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जाना है। एफएए प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि निर्धारित क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती हमारे वायु यातायात नियंत्रकों पर दबाव में कमी लाने के लिए उपयुक्त होगी।

# भारत ने ब्राजील के वन कोष का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** ब्राजील में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को पूरा करने पर जोर दिया गया है। सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों को बचाने पर जोर दिया।

■ धनी देशों से पेरिस समझौते का पालन करने का आग्रह

भारत ने शुक्रवार को विक. सित देशों से उत्सर्जन कटौती में तेज़ी लाने और वादा के अनुरूप जलवायु वित्त पोषण को पूरा करने का आग्रह किया। भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए ब्राज़ील के नए वैश्विक कोष में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ। ब्राज़ील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने बहुपक्षवाद और पेरिस समझौते के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और ब्राज़ील के बेलेम में सीओपी-30 के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भारत के रुख को रेखांकित किया। भारतीय प्रतिनिधि ने ब्राज़ील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए सामूहिक और निरंतर वैश्विक कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करने वाली उष्णकटिबंधीय वन फॉरएवर फैसिलिटी (टीएफएफएफ) की स्थापना में ब्राज़ील की पहल का स्वागत और समर्थन करता है।

## भारतीय NGO को मिला मैग्सेसे पुरस्कार

**मनीला।** भारत की एनजीओ एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे सम्मान मिला है। संस्थाय ने यह सम्मान उन हजारों क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और युवा मार्गदर्शकों को समर्पित किया है, जिन्होंने देश की लाखों लड़कियों को स्कूल वापस लाने में मदद की है। इस पुरस्कार की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। फिलीपींस के राजधानी शहर में एक औपचारिक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एजुकेट गर्ल्स की स्थापना साल 2007 में हुई। यह संस्था उप्र, राजस्थान, मप्र व बिहार के तीस हजार से अधिक गांवों में काम कर रही है। संस्था का मकसद गरीबी और निरक्षरता के चक्र को तोड़ना है। 55 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की मदद से इस संस्था ने अब तक 20 लाख से अधिक लड़कियों को स्कूल वापस लाने और 24 लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा कार्यक्रमों से जोड़ने में मदद की है।

# चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' नेवी में शामिल

## हिंद महासागर से ताइवान तक बढ़ेगा चीन का दबदबा, भारत के लिए 5 चुनौतियां पैदा होंगी

**बीजिंग।** चीन ने अपना नया और अब तक का सबसे आधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल कर लिया है। यह घोषणा चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने की। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाइनान प्रांत में आयोजित एक समारोह में फुजियान को नौसेना को सौंपा। उन्होंने जहाज पर जाकर उसका निरीक्षण भी किया। फुजियान चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह जहाज पूरी तरह चीन में ही डिजाइन और बनाया गया है।

इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे। फुजियान एक सुपरमॉडर्न कैरियर है, जिसमें इलेक्ट्रिक सिस्टम बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस पर जे-35 स्टेल्थ फाइटर भी तैनात किए जाएंगे, जिससे ताइवान से लेकर हिंद महासागर तक चीन का दबदबा बढ़ेगा। फुजियान पहला एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसे चीन ने पूरी तरह खुद डिजाइन किया और बनाया है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) लगा है।



■ इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे

यह वही तकनीक है जिसे अमेरिका अपने नए एयरक्राफ्ट कैरियर्स में इस्तेमाल करता है। इस जहाज से चीन ने अपने नए जे-35 स्टेल्थ फाइटर की टेस्ट फ्लाइट करवाई है। यह चीन का पहला ऐसा कैरियर है जो स्टेल्थ विमान उड़ा सकता है। भारत से लिए 5 चुनौतियां ला सकता है फुजियान-चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर से भारत के लिए सीधी सैन्य और रणनीतिक चुनौती दोनों बढ़ सकती हैं। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) है, जो पहले सिर्फ अमेरिका के पास था। यह सिस्टम चीन को ज्यादा विमान, तेज और भारी विमान लॉन्च करने की क्षमता देता है। इससे उसकी नौसेना की लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। चीन पहले ही ग्वादर (पाकिस्तान) और जिबूती (अफ्रीका) जैसे बंदरगाहों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा चुका है। अब फुजियान जैसे बड़े जहाज के आने से चीन हिंद महासागर में लंबे समय तक ऑपरेशन कर सकेगा। यह क्षेत्र भारत के लिए बहुत अहम है, क्योंकि भारत की तेल सप्लाई और व्यापार मार्ग यहीं से गुजरते हैं। फुजियान में जे-35 स्टेल्थ फाइटर, जेके-600 चेतावनी विमान और जे-15 जैसे आधुनिक विमान तैनात हो सकते हैं। इससे चीन एक साथ एयर डिफेंस, स्ट्राइक और सर्विलांस मिशन चला सकता है। भारत के पास फिलहाल दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत। ये दोनों ही स्की-जंप रैंप (स्टूबर) तकनीक वाले हैं, जबकि फुजियान कैटापल्टतकनीक का इस्तेमाल करता है, जो ज्यादा आधुनिक है।

# डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को अमेरिकी वीजा मिलना मुश्किल

**वाशिंगटन।** डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए अब अमेरिका में प्रवेश पाना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने दुनियाभर के अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को अमेरिका आने या रहने की अनुमति न दें।

यह नियम 'पब्लिक चार्ज' (सार्वजनिक बोझ) नीति पर आधारित है, जिसका मकसद ऐसे अप्रवासियों को रोकना है जो अमेरिकी सरकारी संसाधनों पर निर्भर हो सकते हैं। इसमें वीजा अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदकों के हेल्थ, उम्र और फाइनेंशियल स्टेटस की जांच करें। अगर कोई व्यक्ति भविष्य में महंगी चिकित्सा

■ सरकार पर बोझ कम करना मकसद, हेल्थ, उम्र, फाइनेंशियल स्टेटस जांचेंगे अधिकारी

देखभाल या सरकारी सहायता पर निर्भर होने की संभावना रखता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वीजा अधिकारी लोगों के हेल्थ स्टेटस की जांच करेंगे। उनके पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही वीजा स्वीकृति मिलेगी। अधिका. रियों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि आवेदक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखना जरूरी है। चिकित्सा स्थितियां जैसे हृदय रोग, सांस की दिक्कत, कैंसर, डायबिटीज, मेटाबालिक डिजीज, न्यूरोलाजिकल डिजीज और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं लाखों डालर की देखभाल की जरूरत पैदा कर सकती हैं।

# भारत को 113 तेजस मार्क-1ए इंजन देगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमे. रिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की। इसके तहत जीई भारत को 113 जेट इंजन और सपोर्ट पैकेज देगी। एचएएल ने समझौते के बारे में एक्स में पोस्ट कर जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि ये इंजन 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) में लगाए जाएंगे।

इंजन की डिलीवरी 2027 से 2032 के बीच होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 25 सितम्बर को एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की थी। इसके तहत एचएएल भारतीय वायुसेना के लिए 97 एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान बनाएगा। हिंदुस्तान



एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारियों ने जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के अधिकारियों के साथ एक अरब डॉलर की डील की। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है।उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं। एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीक. ानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात

■ एचएएल और अमेरिकी कंपनी में 8870 करोड़ की डील 2027 से 2032 के बीच होगी डिलीवरी

करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है।

# इथियोपियाई सरकार पर सशस्त्र हमले का आरोप

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ) ने सरकार पर अफ़ार क्षेत्र में सशस्त्र हमला करने का आरोप लगाया है, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। अदीस स्टैंडर्ड अखबार में टीपीएलएफ का यह बयान प्रकाशित हुआ है। शुक्रवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में कहा गया है कि ड्रोन हमला 6 नवम्बर की रात को हुआ, जिसमें टीपीएलएफ बलों और स्थानीय निवासियों के बीच संघर्ष में कई लोग हताहत हुए। टीपीएलएफ ने आगे दावा किया कि संघीय बलों और सहयोगी मिलिशिया ने भारी तोपखाने की गोलाबारी शुरू करने से पहले एक सड़क को अवरुद्ध करने का प्रयास किया और उन पर शांति समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, गुरुवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में आरोप लगाया गया कि इथियोपियाई सरकार ने अफ़ार क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए भाड़े के सैनिकों को संगठित किया था और उन्हें हथियार मुहैया कराए थे। उत्तरी इथियोपिया में संघर्ष नवम्बर 2020 में तब शुरू हुआ जब टाइग्रे के अधिकारियों ने टीपीएलएफ पर एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का आरोप लगाया।

# प्रियंका चोपड़ा राजामौली की अगली फिल्म में करेंगी काम

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एसएस राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवत: ग्लोबट्रॉटर होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेत्री प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक लेख का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें इस परियोजना में उनकी कास्टिंग की घोषणा की गई है। यद्यपि फिल्म में उनके काम करने का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इस खबर ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फिल्म के अमेरिका में वितरण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में ग्लोबट्रॉटर के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे। गौरतलब है कि निर्माता जल्द ही महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक जारी करने वाले हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने एक हैशटैग के साथ ग्लोबट्रॉटर के पोस्टर को जारी करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित किया था, लेकिन इससे यह पुष्टि नहीं होती थी कि यह आधिकारिक शीर्षक है या नहीं।

महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं भी आप सभी की तरह नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि हम साथ मिलकर ग्लोबट्रॉटर का आनंद ले सकें।ष

हालांकि फिल्म की कहानी के विवरण को अभी बताए जाने से इनकार किया जा रहा है। लेकिन राजामौली की इसे अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक-

मुंबई। एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। अब मिड-डे की रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोडक्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोडक्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म श्जीरोश में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था।



# जलवायु परिवर्तन विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौतीः जीनत अमान

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान ने मौसमी बदलावों और जलवायु परिवर्तन को विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा है कि यह कोई दूर की समस्या नहीं है बल्कि इस समय हमारे आसपास घटित हो रही है लेकिन हम इसे अनदेखा करते जा रहे है।

अमान ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में मोबियस फ़ाउंडेशन की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से बनी बहुप्रतीक्षित 10-एपिसोड की वृत्तचित्र श्रृंखला एम्ब्रेस ऑफ होप: द फाइट फॉर अवर फ्यूचर के प्रीमियर के अवसर पर यह बात कही। अमान ने कहा जलवायु परिवर्तन और उसके खतरों के बारे में हमें यह संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। हममें से बहुत से लोग इस विषय को लेकर उतने सक्रिय नहीं है। व्यक्तिगत रूप से और समाज के एक हिस्से के रूप में हम जलवायु परिवर्तन को केवल घटित होते हुए देखते रहे हैं लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे लेकर गंभीर हों और इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई करें।

# हॉलीवुड फिल्म से जुड़ी श्रद्धा कपूर



**मुंबई।** डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म जूटोपिया 2 हिंदी में भी रिलीज होगी। इस हॉलीवुड फिल्म के हिंदी वर्जन में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फिल्म के किरदार जूडी हाप्स को अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म भारत में 28 नवम्बर को हिंदी, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। वहीं अमेरिका में 2 दिन पहले 26 नवंबर को मूवी रिलीज होगी। फिल्म के हिंदी वर्जन की घोषणा के दौरान इवेंट में श्रद्धा ने बताया कि उन्हें जूडी हाप्स का रोल उनकी पर्सनैलिटी के काफी करीब लगा। श्रद्धा ने कहा, जूडी हाप्स का रोल मुझसे काफी मिलता-जुलता है। वो समझदार है, हमेशा पाजिटिव रहती है और उसका जो हमेशा जोश में रहने वाला स्वभाव है, उससे मैं पूरी तरह जुड़ सकती हूं। जब जरूरत होती है, तो वो सख्त होती है और वक्त आने पर नरम भी। जूडी बनकर काम करना मेरे लिए बहुत मजेदार था। जूडी हाप्स फिल्म जूटोपिया और जूटोपिया 2 की मुख्य किरदार है। श्रद्धा ने आगे बताया कि किसी एनिमेटेड किरदार को आवाज देना एक अलग तरह का अनुभव था। उन्होंने कहा, षकिसी एनिमेटेड कैरेक्टर को आवाज देना बिल्कुल अलग और मजेदार एहसास है। बचपन में हम सब कई लोगों की नकल किया करते थे और अब एक मजाकिया और कूल बनी को अपनी आवाज देना बहुत ही मजेदार रहा। मुझे अपनी आवाज को जूडी के मूड के हिसाब से बदलना पड़ता था, जब वह गुस्से में होती है या जब मस्ती कर रही होती है। यह सब एक्सप्लोर करना बहुत अच्छा लगा। इसके लिए आपको सच में उस कैरेक्टर की आवाज बनना पड़ता है। इवेंट के दौरान मीडिया को फिल्म की एक झलक भी दिखाई गई, जिसमें श्रद्धा की आवाज में जूडी हाप्स के एक्सप्रेशन और एनर्जी को दिखाया गया।



# ऐश्वर्या के भाई वाला रोल करने को तैयार थे सलमान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और आमिर खान ने कभी एक ही फिल्म में साथ काम नहीं किया है। अब प्रोडक्यूसर रतन जैन ने बताया कि दोनों को फिल्म जोश में एक साथ कास्ट करने की प्लानिंग थी। हालांकि बाद में शाहरुख और चंद्रचूड़ सिंह ने वो रोल किए जो पहले शाहरुख और आमिर के लिए तय थे। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय भी थीं और ऐश्वर्या के भाई वाला रोल सलमान खान को भी आफर हुआ था। जिसको वो करने के लिए तैयार भी हो गए थे। हाल ही में रतन जैन ने ज्ट9 भारतवर्ष से बातचीत में बताया कि वो चाहते थे शाहरुख फिल्म में मैक्स का रोल करें, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर मंसूर खान आमिर को मैक्स के रोल लेना चाहते थे। बता दें कि मंसूर आमिर खान के कजिन हैं। आमिर ने अपने करियर की शुरुआत मंसूर की फिल्म कयामत से कयामत तक से की थी। रतन जैन ने खिलाड़ी, बाजीगर और धड़कन जैसी हिट हिंदी फिल्मों का निर्माण किया है। रतन ने कहा, ष्हमने तय किया था कि आमिर वो रोल करेंगे जो चंद्रचूड़ ने निभाया और शाहरुख मैक्स बनेंगे। मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। मैंने कहा, 'बिल्कुल नहीं, ये रोल सिर्फ शाहरुख करेंगे, वर्ना मैं फिल्म नहीं बनाऊंगा। रतन ने बताया कि जब शाहरुख को पता चला कि आमिर भी वही रोल करना चाहते हैं, तो उन्होंने डायरेक्टर और टीम से जाइंट नरेशन रखने को कहा। रतन ने बताया, ष्नरेशन शुरू होने से पहले मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। जिसके चलते शाहरुख ने जूते पहने और चले गए। उन्होंने कहा, 'तो फिर मैं ये फिल्म नहीं करूंगा। शाहरुख के प्रोजेक्ट छोड़ने के बाद मंसूर ने मैक्स के रोल के लिए आमिर को लेने की बात कही, लेकिन रतन इस पर राजी नहीं हुए। बाद में दोनों स्टार्स ने फिल्म छोड़ दी।

## सलमान के हिट गाने ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर हुआ था जबरदस्त असर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार और अभिनेता सोहैल खान ने बताया है कि उनके भाई सलमान खान के सुपरहिट गाना ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर जबरदस्त असर हुआ था। सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने सच में लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने कई शानदार काम किए हैं और अपनी फिल्मी छवि से भी गहरा असर डाला है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है उनका गाना ओ ओ जाने जानाष में बिना शर्ट दिखना, जिसने पूरी पीढ़ी में बॉडी बनाने का शौक बढ़ाया। इससे सिर्फ बड़े लोग अपनी बॉडी बनाने और फिट रहने के लिए प्रेरित नहीं हुए, बल्कि बच्चों के मन पर भी इसका असर पड़ा। सोहैल खान ने बताया है कि कैसे बच्चे दूध पीना शुरू कर देते थे क्योंकि वे सलमान जैसी बॉडी पाना चाहते थे।




# 28 नवम्बर को रिलीज होगी मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क

**मुंबई।** जानेमाने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा निर्मित पहली फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क कुछ पहले जैसा ने पुराने जमाने के प्यार और उसकी खूबसूरती को फिर से जदि‍ा करने के लिए खूब चर्चा बटोरी है।अब दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह फिल्म 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के लिए बहुत खास है यह उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 प्रोडक्शन के तहत उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म उनके लिए फैशन और कहानी से आगे बढ़कर एक जुनूनी प्रेमकहानी है, जो क्लासिक रोमांस के दौर को फिर से लौटाने जा रही है।फिल्म के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर के जरिए नई रिलीज डेट का ऐलान किया है।

अब तक गुस्ताख इश्क अपने दिल छू लेने वाले म्यूजकि एल्बम से दर्शकों का दिल जीत चुकी है इसके तीन गाने उल जलूल इश्क' , आप इस धूप और शहर तेरे लोगों की प्लेलिस्ट में लगातार छाए हुए हैं। ए तीनों गाने भले ही अलग हों, लेकिन इनका एहसास एक ही धागे से जुड़ा है प्यार और जुनून का। गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के करियर का एक नया और रोमांचक अध्याय है एक ऐसी फिल्म जो पुराने जमाने की कहानियों की आत्मा को संजोए हुए है, लेकिन नजरें भविष्य की ओर रखती है।दीनिश मल्होत्रा के साथ मिलकर बनाई गई यह फिल्म विभु पुरी के निर्देशन में बनी है। यह फिल्म 28 नवम्बर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभराः सुम्बुल

**मुंबई।** सोनी सब के शो इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा अनुभव रहा है। सोनी सब का चर्चित शो इत्ती सी खुशी अपनी नायिका अन्विता द्धसुम्बुल तौकीर खानऋ के माध्यम से एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है ।एक ऐसी महिला की कहानी जो परंपराओं को चुनौती देने का साहस रखती है। जहां आमतौर पर टीवी की नायिकाएं अपने प्रियजनों के लिए हर कष्ट सहने और त्याग करने में ही महानता समझती हैं, वहीं अन्विता दर्दनाक परिस्थिति में खड़े होकर खुद के लिए खड़े होने का साहस दिखाती है।पारंपरिक नायिकाओं से अलग, जो अपनों को बचाने के लिए किसी भी हद तक चली जाती हैं, अन्विता तब भी अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देती है जब मामला उसके खुद के परिवार का हो। उसका निर्णय स्वार्थ से नहीं, बल्कि अपने छोटे भाई-बहनों की भलाई के लिए अपनी सेहत और स्थिरता को बनाए रखने की सोच से प्रेरित है।जब उसके पिता सुहास द्धवरुण बडोलाऋ को लिवर सिरोसिस का पता चलता है और उन्हें तुरंत ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, तब अन्विता को पता चलता है कि उसका लिवर मैच करता है। लेकिन तुरंत फैसला लेने के बजाय, वह ठहरकर अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचती है, खासकर अपने छोटे भाई-बहनों के बारे में, जो पूरी तरह उस पर निर्भर हैं। अपना लिवर दान न करने का उसका फैसला स्वार्थी नहीं, बल्कि गहरी समझ और दूरदृष्टि का प्रतीक है। अन्विता पल भर की भावना में नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लंबे भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है। वह समझती है कि उसकी सेहत और मौजूदगी उसके परिवार की स्थिरता के लिए कितनी जरूरी है। परिणाम को सोच-समझकर तौलने का उसका तरीका आज की आधुनिक और यथार्थवादी प्रेम और जिम्मेदारी की समझ को दर्शाता है। अपने भाई-बहनों की सुरक्षा चुनकर, और एक जीवन की बजाय कई जीवनों को संतुलन में रखकर अन्विता एक नई तरह की सशक्त नायिका बनकर उभरती है। उसकी कहानी दर्शकों के लिए न सिर्फ भावनात्मक बल्कि विचारोत्त.ेजक भी है , जो यह सवाल उठाती है कि क्या प्रेम का अर्थ हमेशा त्याग ही होता है? आने वाले ट्रैक के बारे में बात करते हुए सुम्बुल ने कहा, ऐसा किरदार निभाना बहुत ताजगीभरा अनुभव है, जो अपनी नायकता को आत्मसमर्पण में नहीं बल्कि अपने विश्वास पर अडिग रहने में परिभाषित करती है। अन्विता की यात्रा साहस और करुणा की है। वह अपने पिता और भाई-बहनों से बेहद प्यार करती है, और उसका निर्णय गहरे भावनात्मक संघर्ष से उपजा है। कभी-कभी अपने प्रियजनों की देखभाल का मतलब सबसे कठिन फैसले लेना होता है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108